卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः। आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्। वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 88 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦5 जनवरी 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## यूपी में कुख्यात गैंगस्टर मुठभेड़ में ढेर

लखनऊ (उद ब्यूरो)। एसटीफ ने गोरखपुर के कुख्यात माफिया विनोद उपाध्याय को मुठभेड़ में ढेर कर दिया है। गुरुवार की रात सुल्तानपुर में एसटीफ और



माफिया के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें माफिया ढेर हो गया। विनोद उपाध्याय पर गोरखपुर पुलिस ने एक लाख रुपये इनाम की घोषणा की थी। पुलिस को उसकी जमीन कब्जाने, हत्या और हत्या के प्रयास समेत कई मामलों में तलाश थी। विनोद उपाध्याय पुत्र रामकुमार उपाध्याय मूल रूप से मयाबाजार थाना महाराजगंज, अयोध्या का रहने वाला था। अपराध की दुनिया का बड़ा नाम और उत्तर प्रदेश के टॉप 61 माफिया की सूची में शामिल माफिया विनोद कुमार उपाध्याय पर एडीजी जोन गोरखपुर ने एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। गुरुवार की रात बदमाश विनोद उपाध्याय और एसटीएफ के मध्य सुल्तानपुर के थाना कोतवाली देहात क्षेत्र में मुठभेड़ हो गई। जिसमें विनोद उपाध्याय गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर (शेष पृष्ठ सात पर)

## विकास भवन में धरने पर बैठे बेहड़

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। किच्छा विधानसभा क्षेत्र में जल मिशन एवं जिला योजना के कार्यों में तमाम भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए किच्छा के विधायक तिलकराज बेहड़ ने कार्यकर्ताओं के साथ विकास भवन के समक्ष जोरदार प्रदर्शन कर धरना दिया और शासन प्रशासन पर किच्छा के विकास में उपेक्षा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जल मिशन के कार्य लोगों को लाभ देने के स्थान पर उनकी समस्यायें बढ़ा रहे हैं। अनेक ग्रामों में पेयजल के लिए सही हालत की सड़कों को खोद दिया गया है। इसके बाद न तो लोगों को पानी मिल पाया और नही सडकों की हालत सुधारी गई। इसका परिणाम यह हो रहा है कि टूटी सड़कों पर आये दिन दुर्घटनायें घटित हो



रही हैं। लोगों को निरंतर परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। श्री बेहड़ ने कहा कि उन्होंने इस सन्दर्भ में कई बार विभागीय अधिकारियों से वार्ता की लेकिन समस्या का कोई हल नहीं निकाला जा रहा। उन्होंने कहा कि विभाग में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच चुका है। अधिकारी न तो जनता की को बात सुन रहे हैं और न ही जनप्रतिनिधियों की बात सुनने को राजी हैं। श्री बेहड़ ने कहा कि जिला योजना के कार्यों में भी सरकार उपेक्षापूर्ण रवैया अपना रही है।वर्तमान जिला योजना के दस माह पूर्ण होने वाले हैं लेकिन किच्छा विधान सभा क्षेत्र के लिए चन्द योजनाओं पर ही स्वीकृति दी गई। वहीं एक लाख, दो लाख या पचास हजार की टोकन मनी पर विकास कराये जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्माण कार्यों में भी भाई भतीजा वाद पूरी तरह से हावी है। इस सन्दर्भ में उन्होंने जनपद के प्रभारी मंत्री से भी शिकायत की लेकिन वह भी अभी तक मौन साधे हुए हैं। श्री बेहड़ ने कहा कि वह किच्छा क्षेत्र की चहुंमुखी विकास को पूरा करने के लिए कटिवद्ध हैं चाहे इसके लिए उन्हें कितना ही संघर्ष क्यों न करना पड़े। इस दौरान गणेश उपाध्याय, गुलशन सिंधी, ओमप्रकाश दुआ, मेजर सिंह, दर्शन लनाल कोली, सुरेश गौरी, हरीश बावरा, हरीश जोशी, भूपेन्द्र चौधरी, परमजीत सिंह, मीना शर्मा, सुनीता कश्यप, दलजीत (शेष पृष्ठ सात पर)

## 'बोले सो निहाल सत श्री अकाल' के जयघोषों से गूंजा शहर

### प्रकाश पर्व पर धूमधाम से निकला विशाल नगर कीर्तन, जगह जगह पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत





काशीपुर(उद संवाददाता)। सिखों के दसवें और अंतिम गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह के 357वें प्रकाश पर्व के मौके पर यहां विशाल भव्य नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। नगर कीर्तन की अगुवाई पंच प्यारे कर रहे थे। नगर कीर्तन की एक झलक पाने के लिए मार्ग के दोनों और हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। नगर कीर्तन का शहर के दर्जनों स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। नगर कीर्तन में शामिल श्रद्धालुओं के लिए लंगर भी लगाए गए। प्रकाश पर्व के मौके पर गुरुद्वारा श्री ननकाना साहिब (बड़ा गुरुद्वारा) रंग बिरंगी विद्युत झालरों से चकाचौंध रहा। श्री गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व के मौके पर मोहल्ला पक्काकोट स्थित गुरुद्वारा श्री ननकाना साहिब में पूजा अर्चना एवं शबद कीर्तन पाठ किया गया। तदोपरांत जो बोले सो निहाल सत श्री (शेष पृष्ठ सात पर)

## चोरों ने मोबाइल टावर से लाखों का पार्ट्स चुराया

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। थाना पंतनगर क्षेत्र शांतिपुरी में लगे मोबाइल टावर पर चोरों ने धावा बोल लाखों के पार्ट्स चोरी कर लिए। जिससे मोबाइल संचार बाधित हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली। जवाहर नगर पंतनगर निवासी

**कीमती कार्ड चोरी होने से मोबाइल सेवा हुई बाधित**

सुपरवाइजर शिव लाल ने पंतनगर पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शांतिपुरी नंबर दो में इंडस कंपनी टावर लगा हुआ है। 29 जुलाई की आठ बजे साइट डाउन होने का अलार्म बजा। जब टेक्नीशियन राजू मौके पर पहुंचे,तो पाया कि टावर में लगा एल 850 बीटीएस कार्ड चोरी हो चुका है। जिसकी वजह से दूर संचार व्यवस्था बाधित हुई है। काफी खोजबीन के बाद भी जब कोई सुराग नहीं लगा तो सुपरवाइजर ने पंतनगर थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। सुपरवाइजर ने बताया कि चोरी हुए कार्ड की कीमत 2.70लाख रुपये होती है और कार्ड 4जी या 5जी के संचार को नियंत्रित करती है। कार्ड के चोरी से दूर संचार व्यवस्था प्रभावित हो गई थी। पंतनगर पुलिस ने बताया कि पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज भी देख रहीं हैं।

## गदरपुर में सवा दो किलो चरस के साथ एक गिरफ्तार

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।नशे के विरूद्ध गदरपुर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 2.325 किलोग्राम अवैध चरस के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। खुलासा करते हुए एसएसपी मंजूनाथ टिसी ने बताया कि थानाध्यक्ष गदरपुर के नेतृत्व मे पुलिस टीम ने गदरपुर में कनकटा चौराहे के पास चैकिंग के दौरान सकैनिया की तरफ से आ रहे एक मोटर साइकिल में 2 लोगों को रोकने का प्रयास किया तो दोनों मोटर साइकिल को वापस मोडने लगे। तभी मोटरसाईकिल साइकिल फिसल गयी जिससे मोटर साइकिल के पीछे बैठा व्यक्ति मौके पर गिर गया मोटरसाईकिल चला रहा व्यक्ति मोटर साइकिल को तेजी से उठा कर मोटर साइकिल समेत सकैनिया की तरफ को भाग गया। गिरा हुआ व्यक्ति तेजी से उठ कर सकैनिया की तरफ भागने लगा। शक होने पर हम पुलिस टीम ने उसे कनकटा चौराहे के पास ही पकड लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम मन्जीत कम्बोज पुत्र कश्मीर चन्द निवासी नूरपुर थाना-स्वार जनपद- रामपुर बताया। तलाशी लेने पर उसके पास पीठ में लटके बैग में 2.325 किलोग्राम अवैध चरस बरामद (शेष पृष्ठ सात पर)

## 26 लाख की चरस के साथ तस्कर दबोचा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।नशे के खिलाफ पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने जनपद बागेश्वर पुलिस के साथ मिलकर संयुक्त कार्रवाई में 5 किलो 305 ग्राम चरस के साथ एक अंतरराज्यीय ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया है। बरामद चरस की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 26 लाख रुपए आंकी गयी है। पुलिस अधिकारियों ने खुलासा करते हुए बताया कि सीओ एसटीएफ कुमाऊँ सुमित पांडे एवं प्रभारी निरीक्षक एएनटीएफ पावन स्वरुप के नेतृत्व में ए.एन.टी.एफ टीम एवं जनपद बागेश्वर के थाना बैजनाथ पुलिस की



संयुक्त टीम ने गुरूवार रात्रि कार्रवाई करते हुए जनपद बागेश्वर के थाना बैजनाथ क्षेत्र अंतर्गत अंतरराज्यीय ड्रग्स तस्कर दया किशन तिवारी पुत्र स्वर्गीय पूर्णानंद तिवारी, निवासी नियर अरिहंत स्कूल हल्दुचौड़ थाना लाल कुआं को कंधार बैंड ग्वालदम रोड के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से (शेष पृष्ठ सात पर)

## प्रतिबंधित मांस के साथ एक गिरफ्तार

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। पुलिस ने खेड़ा कालोनी में छापा मारकर एक दुकान से प्रतिबंधित गौमास के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी गोपनीय तरीके से गोमांस की बिक्री कर रहा था। मौके से तराजू,चापड़ सहित गोमांस बरामद कर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। रम्पुरा पुलिस चौकी कर्मी गुरुवार की शाम को खेड़ा कालोनी में गश्त कर रहे। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली कि खेड़ा की चांद मस्जिद के पास एक व्यक्ति चोरी छिपे प्रतिबंधित गौमांस की बिक्री कर रहा है। पुलिस ने सूचना के आधार पर दुकान (शेष पृष्ठ सात पर)

## 'टोटके के मायाजाल' से इस साल भी 'बाहर' नहीं निकल सकी 'मित्र पुलिस'

**आज के वैज्ञानिक युग में भी उत्तराखंड पुलिस टोटके के सहारे, अपराध वृद्धि दर रोकने के लिए देहरादून पुलिस ने एक बार फिर आजमाया दशकों पुराना अंधविश्वास पूर्ण टोटका, प्लानिंग करके लिखा गया गुड वर्क मुकदमा**

-अर्श-

देहरादून। हालांकि इसका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है, फिर भी भारतीय समाज में ऐसी मान्यता है कि साल के पहले दिन अर्थात एक जनवरी को जो घटनाक्रम होता है, वह पूरे साल होता ही रहता है। कदाचित यही कारण है कि नए साल के पहले दिन लोगों की हर संभव कोशिश यही रहती है कि उनके साल की शुरुआत किसी अनचाहे अथवा अशुभ घटनाक्रम से ना हो। साथ ही लोग यह प्रयास करते हैं कि उनके नए साल की शुरुआत उनके कार्य क्षेत्र में अथवा आर्थिक दृष्टि से अच्छी रहे। अनेक लोग तो इसके लिए बाकायदा पहले से तैयारी भी कर लेते हैं। मसलन, व्यापार जगत के लोग कोई बड़ी व्यापारिक डील मुकर्रर कर लेते हैं, फिल्म जगत की हस्तियां कोई शाइनिंग अमाउंट लेना अथवा किसी कॉन्ट्रैक्ट पर साइन करना, इसी प्रकार वकील ,डॉक्टर ,चार्टर्ड अकाउंटेंट ,प्रॉपर्टी डीलर वगैरह किसी बड़े क्लाइंट से मीटिंग और फीस इत्यादि का भुगतान तथा राजनेता किसी जनकल्याणकारी योजना के शिलान्यास अथवा लोकार्पण या पब्लिक मीटिंग का प्रोग्राम बना लेते हैं, ताकि बरस भर यह सिलसिला चलता रहे। ऐन, इसी मान्यता अथवा टोटके या अंध विश्वास के वशीभूत और लगभग इसी तर्ज पर, उत्तराखंड की मित्र पुलिस भी पिछले कई दशकों से एक



टोटका हर साल करती चली आ रही है। ज्ञात हो कि पुलिस विभाग में 1 जनवरी से अपराध संख्या अथवा मुकदमा संख्या की शुरुआत होती है। लिहाजा, पुलिस की यह कोशिश होती है कि पहला मुकदमा किसी गंभीर अथवा जघन्य अपराध का न दर्ज किया जाए। माना जाता है कि अपराधिक घटना का पहला मुकदमा हुआ तो पुलिस को पूरे साल अपराध तथा अपराधियों से जूझना पड़ेगा। इसलिए पुलिस थानों में आमतौर पर पहला मुकदमा गुड वर्क में दर्ज किया जाता है और करीब 10-15 दिन पहले से ही इसकी तैयारी आरंभ कर दी जाती हैं। इसके लिए क्षेत्र के आदतन अपराधियों की खोज शुरू हो जाती है। ताकि, एक जनवरी को इनके खिलाफ गैंगस्टर या गुंडा एक्ट में मुकदमा दर्ज किया जा सके। यही नहीं,क्षेत्र में अवैध शराब या नशे के धंधे में लिप्त लोगों पर भी नजर रखनी शुरू कर दी जाती है। जिससे उन्हें भी एक जनवरी को पकड़कर जेल की राह दिखाई जा सके। लिहाजा राजधानी पुलिस ने इस बात के पुख्ता इंतजाम पहले से ही कर रखे थे कि सोमवार को अर्थात साल के पहले दिन विभिन्न थानों में मुकदमा गुडवर्क ही दर्ज किए जा सकें और ऐसा हुआ भी । इस बार भी देहरादून पुलिस ने बरसों पुराने इसी टोटके से ही वर्ष 2024 की शुरुआत की। बताना होगा कि डोईवाला (शेष पृष्ठ सात पर)

# देहरादून-ऋषिकेश में कन्वेंशन सेंटर की स्थापना करें: सीएम

## आकांक्षी जनपदों में संचालित कार्यक्रमों एवं योजनाओं के नियमित अनुश्रवण के निर्देश दिए

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में उद्योग विभाग की समीक्षा बैठक की तथा उन्हें ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में हुए करारों की ग्राउंडिंग में तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने इन्वेस्टर्स समिट के तहत हुए करारों की ग्राउंडिंग के लिए संबंधित विभागों द्वारा किए गये कार्यों का पूरा ब्योरा देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने उद्योग विभाग को नई आई.टी.पॉलिसी को जल्द लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य के युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्यात संवर्द्धन के लिए डेडिकेटेड सेल बनाने के साथ देहरादून-ऋषिकेश में कन्वेंशन सेंटर की स्थापना के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार सचिवालय में नियोजन विभाग की समीक्षा करते हुए नियोजन विभाग



के तहत कार्यरत विभागों एवं प्रकोष्ठों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने विकास से जुड़े लक्ष्यों को प्राप्त करने, उनके प्रभावी अनुश्रवण तथा राज्य में बेहतर नियोजन प्रणाली को प्रोत्साहन देने हेतु गठित स्टेट इंस्टीट्यूट इम्पावरिंग एण्ड ट्रांसफार्मिंग उत्तराखण्ड (सेतु) को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी योजनाओं की प्रभावी समीक्षा कर राज्य के संसाधनों के कुशल और प्रभावी उपयोग के साथ विभागों के मध्य आपसी भागीदारी तथा नेटवर्किंग व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने सशक्त उत्तराखण्ड के अन्तर्गत राज्य की अर्थव्यवस्था को 05 वर्षों में दुगुना करने के प्रयासों एवं सतत विकास लक्ष्यों का नियमित रूप से अनुश्रवण करने को कहा। मुख्यमंत्री ने नीति आयोग स्तर पर चयनित 06 आकांक्षी जनपदों और राज्य स्तर पर चयनित 09 आकांक्षी जनपदों में संचालित कार्यक्रमों एवं योजनाओं के नियमित अनुश्रवण के निर्देश दिए। बैठक में उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण समिति श्री विश्वास डाबर, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, सचिव श्री आर. मीनाक्षी सुंदरम, महानिदेशक उद्योग श्री रोहित मीणा, नियोजन विभाग से श्री मनोज पंत एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# उप वन संरक्षक महातिम ने राज्यपाल से की मुलाकात

देहरादून(उद संवाददाता)।राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से गुरुवार को राजभवन में उप वन संरक्षक महातिम यादव ने मुलाकात कर वनाग्नि प्रबंधन के संबध में प्रस्तुतिकरण दिया। महातिम यादव ने अल्मोड़ा डीएफओ रहते हुए वनाग्नि से निपटने और उसके समाधान हेतु रिसर्च डाक्यूमेंट तैयार किया गया जिसे उन्होंने राज्यपाल के सम्मुख प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार जनसहयोग और विभागीय समन्वय से अल्मोड़ा के स्याहीदेवी क्षेत्र में वनों को बचाया गया है। उन्होंने 2022 में वनाग्नि के दौरान आयी चुनौतियों का भी उल्लेख किया। राज्यपाल ने श्री यादव के प्रस्तुतीकरण को सराहा।



राज्यपाल ने कहा कि वनाग्नि हमारे लिए एक बड़ी चुनौति के रूप में है। इससे निपटने के लिए ठोस समाधान की जरूरत है। प्रतिवर्ष वनाग्नि से हमारी वन संपदा को भारी नुकसान उठाना पड़ता है इसके साथ-साथ यह ग्लोबल वार्मिंग के लिए भी जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में 70 प्रतिशत से अधिक क्षेत्र में वन हैं, हमें इन्हें बचाने के लिए अधिक से अधिक जन सहयोग के प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के रिसर्च की आवश्यकता है जिससे वनाग्नि को रोकने में सफलता मिल सके।

# 'मेरे घर राम आए हैं' सोशल मीडिया पर गूंजायमान हुआ भजन

## पीएम मोदी ने जुबिन व भजन कलाकारों की तारीफ करते हुए एक्स हैंडल पर साझा किया संदेश,बोले ये है दिल छू लेने वाला भजन

देहरादून(उद ब्यूरो)। इन दिनों पूरे देश में राम भजन को काफी पसंद किया जा रहा है। प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए सिर्फ अयोध्या ही नहीं पूरे देश में धूम है। पीएम मोदी ने जुबिन






नौटियाल के गीत मेरे घर राम आए हैं की तारीफ की है। उन्होंने अपने एक्स हैंडल के माध्यम से गीत को साझा भी किया है। प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए सिर्फ अयोध्या ही नहीं पूरे देश में धूम है। इन दिनों देश का वातावरण राममय हो गया है। राम के गीत लोगों की जुबान पर चढ़े हुए हैं। इंटरनेट मीडिया पर राम भजन पर जमकर रील्स बनाई जा रही हैं। स्वाति मिश्रा के 'मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे राम आएंगे, आंगना सजाऊंगी' गाने के बाद जुबिन नौटियाल का 'मेरे घर राम आए हैं' गीत काफी वायरल हो रहा है। इस गीत की तारीफ खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की है। उन्होंने अपने एक्स हैंडल के माध्यम से गीत को साझा भी किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जुबिन नौटियाल के गीत की तारीफ करते हुए लिखा- भगवान श्री राम की प्राण-प्रतिष्ठा के सुअवसर पर अयोध्या के साथ-साथ पूरा देश राममय हो रहा है। राम लला की भक्ति से ओतप्रोत जुबिन नौटियाल जी, पायल देव जी और मनोज मुंतशिर जी का यह स्वागत भजन दिल को छू लेने वाला है। जुबिन नौटियाल, पायल देव और मनोज मुंतशिर का 'मेरे घर राम आए हैं' गीत 2022 में रिलीज हुआ था। इस गाने पर अबतक 33 लाख से ज्याद व्यूज आ चुके हैं। गाने को जुबिन नौटियाल ने अपनी आवाज दी है। वहीं, संगीत पायल देवी ने दिया है। इसके अलावा, लिरिक्स मनोज मुंतशिर के हैं।

## सचिवालय में सीएम धामी ने अधिकारियों के साथ बैठक से पहले सुने गये राम भजन

देहरादून। सीएम धामी की बैठक से पहले आज राम भजन सुने गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सोशल मीडिया पर साझा किया रामभजन सुबह उत्तराखंड सचिवालय में भी गूंजा। देवभूमि उत्तराखंड में भी राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उमंग एवं ऊर्जा का माहौल है। बता दें, अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर उत्तराखंड में भी तैयारियां तेज हो गई हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने निर्देश दिए कि उत्तरायणी पर होने वाले कार्यक्रमों को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की थीम पर आयोजित किए जाएं। साथ ही लोगों से अपील की कि वे दीपोत्सव के साथ ही कई आयोजन इस अवधि में करें। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर पूरे देश में उत्साह का माहौल है। देवभूमि उत्तराखंड के लोगों में भी इस समारोह को लेकर विशेष उमंग एवं ऊर्जा का माहौल है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने लोगों से प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर घरों में दीपोत्सव की अपील की। साथ ही इस अवधि में कलश यात्राओं के अलावा राम कथा आयोजित करने के साथ ही प्रमुख नदियों के घाटों की साफ-सफाई का अभियान चलाया जाए। इसके अलावा स्कूलों में राम के आदर्शों पर निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं। सभी शहरी स्थानीय निकायों को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तहत विशेष



सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। सभी निकायों को ताकीद किया गया है कि नगरों के आसपास मंदिरों और उसके आसपास स्वच्छता कार्यक्रम चलाएं।

# ड्रोन मेडिकल सेवा का सफल ट्रायल,चंबा पहुंचाई टीबी की दवा

## ऋषिकेश एम्स से पहाड़ी स्वास्थ्य केंद्र में ड्रोन से दवाइयां आदि भेजी जाएंगी

ऋषिकेश। एम्स प्रशासन की ओर से सुदूरवर्ती क्षेत्रों में ड्रोन आधारित स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने और आपात स्थिति में मरीज को दवाएं उपलब्ध कराने के लिए ड्रोन मेडिकल सेवा का सफल ट्रायल किया। जिसके तहत एम्स ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंबा तक ड्रोन के माध्यम से 35 मिनट में टीबी की दवा पहुंचाई। जबकि वापसी में 30 मिनट का समय लगा। करीब आधा किलोग्राम वजनी दवा को पहुंचाने में ड्रोन ने एक तरफ 40 किलोमीटर की उड़ान भरी। इसी महीने से एम्स राज्य के पहाड़ी क्षेत्रों के लिए नियमित ड्रोन मेडिकल सेवा शुरू करेगा। एम्स संस्थान निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने बताया कि ड्रोन से आपात स्थिति में सुदूर पहाड़ी क्षेत्रों में दवा उपलब्ध कराने के लिए बृहस्पतिवार को वेंडर सेलेक्शन के तहत ट्रायल किया गया। ड्रोन आधारित स्वास्थ्य सेवा के तहत किया गया ट्रायल पूरी तरह से सफल रहा। बताया कि



पीएम मोदी की दूरदर्शी सोच के मद्देनजर महिला सशक्तिकरण के तहत ड्रोन दीदी के नाम से नई फोर्स तैयार की जा रही है। जिसकी सहायता से यह सेवा नियमित शुरू की जाएगी। ड्रोन के माध्यम से सीएचसी स्तर के अस्पतालों को डायग्नोस्टिक किट, दवाइयां, ब्लड सैंपल आदि भेजे जाएंगे। ड्रोन सेवा से टेलीमेडिसिन कनेक्टिविटी वाले क्षेत्रों को ही जोड़ा जाएगा। संस्थान के ड्रोन सर्विसेस नोडल अधिकारी डॉ. जितेंद्र गैरोला ने बताया कि बृहस्पतिवार को एम्स निदेशक के निर्देश पर ड्रोन से दवा भेजने का ट्रायल किया गया। इसमें चंबा में ड्रोन दीदियों ने भी प्रतिभाग किया। बताया कि शुक्रवार को भी ट्रायल का क्रम जारी रहेगा। इस मौके पर संकायाध्यक्ष (अकादमिक) प्रो. जया चतुर्वेदी, चिकित्सा अधीक्षक प्रो. संजीव कुमार मित्तल, उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नरेंद्र कुमार, डॉ. जितेंद्र गैरोला, पीपीएस विनीत कुमार, एसएनओ अखिलेश उनियाल, विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे। डॉ. जितेंद्र गैरोला ने बताया कि 25 जनवरी को देश के विभिन्न मेडिकल संस्थानों में एक साथ ड्रोन से सुदूरवर्ती क्षेत्रों में दवा भेजे जाने के लिए ट्रायल किए जाएंगे। यह एक ऐतिहासिक क्षण होगा। बताया कि ड्रोन प्रोजेक्ट के नियमित संचालन के लिए महिला सशक्तिकरण के तहत दो महिलाओं का चयन किया गया है। पहाड़ी क्षेत्रों में ड्रोन से दवाई आदि भेजे जाने के लिए एम्स प्रशासन पूर्व में तीन बार ट्रायल कर चुका है। ड्रोन से दवाई भेजने वाला ऋषिकेश एम्स देश का पहला एम्स है। पहला ट्रायल 16 फरवरी 2023 को किया था। तब करीब दो किलो भार की दवाइयां जिला अस्पताल टिहरी गढ़वाल भेजी गई थी। दूसरे ट्रायल के तहत दो मार्च को यमकेश्वर सीएचसी में दवाई भेजी गई थी। तीसरा ट्रायल सात अगस्त 2023 को किया गया था। जिसके तहत कोटद्वार ब्लड कंपोनेंट भेजे जा रहे थे, लेकिन ड्रोन अपने निर्धारित स्थल से कुछ दूर पहले क्रैश हो गया था। इस योजना में महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं की भूमिका भी अहम होगी। एम्स से जिस पहाड़ी स्वास्थ्य केंद्र में ड्रोन से दवाइयां आदि भेजी जाएंगी वहां ड्रोन से सामग्री उतराना या इस पर सामग्री चढ़ाने का कार्य महिलाएं करेंगी। इसके लिए इन्हें प्रशिक्षित किया जाएगा। इन महिलाओं को स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार व एनएचएसआरसी की ओर से प्रशिक्षण दिया जाएगा। भविष्य में यही महिलाएं ड्रोन भी उड़ाएंगी। इन महिलाओं को नमो ड्रोन दीदी का नाम दिया गया है।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

☞ 100 से 400 गज तक के प्लाट
☞ 100,160, 200 गज विला
☞ खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# गौलापार में आईएसबीटी निर्माण को लेकर यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश

नैनीताल। गौलापार में आईएसबीटी निर्माण का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। शीर्ष अदालत ने चयनित स्थल पर यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की युगलपीठ में हल्द्वानी निवासी रवि शंकर जोशी की याचिका पर सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि प्रदेश सरकार स्वीकृत आईएसबीटी के नाम पर राजनीति कर रही है। आईएसबीटी बनाने के लिए अन्यत्र जगह तलाश रही है जबकि 2008 में वन विभाग की आठ एकड़ भूमि हल्द्वानी के गौलापार में चयनित की गई थी। इस भूमि को वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से अनुमति भी मिल चुकी है। अब सरकार आईएसबीटी का निर्माण गौलापार के बजाय तीनपानी में करा रही है। गौलापार में बस अड्डे के निर्माण के लिए चयनित वन भूमि से 2700 पेड़ों की बलि भी दे दी गई थी। वन भूमि इस शर्त पर दी गई थी कि चयनित भूमि पर बस अड्डे के अलावा अन्य निर्माण नहीं किया जाएगा। इसके बावजूद सरकार ने गौलापार के बजाय अब तीनपानी में इसे बनाने का निर्णय ले लिया। तीनपानी में 110 करोड़ की लागत से सिर्फ सड़क निर्माण का अनुमान है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने बताया कि उच्चतम न्यायालय की खंडपीठ ने सभी पक्षकारों से यथास्थिति बनाए रखने को कहा है। साथ ही केन्द्र, राज्य, वन विभाग, आरटीओ, डीएफओ तराई पूर्वी और जिलाधिकारी नैनीताल को नोटिस जारी किया है।

# पुलिस ने अवैध शराब की चार भट्टियां पकड़ी

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। नशे के खिलाफ चौकी पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने अवैध शराब बनाने वाली चार भट्टियों को ध्वस्त करते हुए करीब सात हजार लीटर लाहन नष्ट किया। शक्तिफार्म चौकी पुलिस को धोंदा फार्म से सटे गन्ने के खेत में अवैध शराब बनाने की जानकारी मिली। जिसपर चौकी प्रभारी जगदीश चंद्र तिवारी ने अपने टीम के साथ तत्काल कार्यवाही करते हुए गन्ने के खेत से अवैध शराब बनाने वाली उपकरणों को बरामद कर शराब बनाने की भट्टी को ध्वस्त कर दिया। साथ ही पुलिस ने करीब सात हजार लीटर लाहन भी नष्ट किया। पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल कुंदन बोरा, कांस्टेबल भारत भूषण, देवेंद्र कन्याल शामिल थे।



# आंगनबाड़ी केन्द्रों में शीत अवकाश

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने जनपद में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 3 से 6 वर्ष तक के स्कूल पूर्व शिक्षा के बच्चों हेतु 5 जनवरी से 9 जनवरी 2024 तक पांच दिन का शीत ऋतु अवकाश घोषित किया है। उन्होंने कहा है कि उक्त अवकाश अवधि में क्षेत्रीय सुपरवाईजर, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों/सहायिकाओं एवं मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा विभागीय कार्यो तथा सूचना एमपीआर, नन्दागौरा योजना, प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना का कार्य यथावत सम्पादन करेंगी।

# मुख्य सचिव ने की मिसिंग लिंक से विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने गुरूवार को सचिवालय में मिसिंग लिंक से पोषित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान विभिन्न विभागों हो पाती, ऐसे प्रोजेक्ट्स को मुख्य सचिव कोष से फंडिंग की जाती है। बैठक के दौरान अधिकतर प्रस्तावों को विभागीय बजट से ही स्वीकृति मिली। मुख्य सचिव ने कहा कि पूर्व में स्वीकृत को सभी पुराने एवं नए बनाए जाने वाले सरकारी भवनों में सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए जाने की सम्भावनाओं को तलाशते हुए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने दिव्यांगजनों हेतु टॉयलेट्स के लिए भारत सरकार द्वारा संचालित योजना के तहत सभी जनपदों में दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए।



के प्रस्तावों को मिसिंग लिंक द्वारा फंडिंग किए जाने पर सहमति बनी। मिसिंग लिंक के तहत ऐसे प्रस्तावों को स्वीकृति दी जाती है जिन्हें जनपदों में किसी भी योजना के तहत फंडिंग नहीं प्रस्तावों की प्रगति को पीएम गतिशक्ति पोर्टल पर लगातार अपलोड किया जाए। उन्होंने कहा कि पीएम गतिशक्ति में लगातार इन प्रोजेक्ट्स की मॉनिटरिंग की जाएगी। मुख्य सचिव ने अधिकारियों इस अवसर पर सचिव श्री अरविंद सिंह ह्यांकी, डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम, श्री सी. रविशंकर, श्री एच. सी. सेमवाल एवं अपर सचिव श्री रोहित मीणा सहित विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

# क्लीनिक में हुई चोरी की तीन माह बाद रपट दर्ज

**सीसीटीवी कैमरे वाई-फाई तथा दवाईयां उठा ले गए चोर**

काशीपुर(उद संवाददाता)। चोरों ने डॉक्टर की क्लीनिक से कीमती दवाइयां सीसीटीवी कैमरे तथा वाईफाई पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने घटना के लगभग 3 माह बाद कर के खिलाफ रपट दर्ज किया। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ला आजाद नगर काशीपुर निवासी नवनीत कौर पत्नी कमलजीत सिंह ने बताया कि डीएन मुल्तानी हेल्थ केयर प्वाइंट के नाम से उसकी क्लिनिक रजिस्टर्ड है। इस क्लिनिक को मोहल्ला आवास विकास निवासी डॉक्टर एके गोयल संचालित करते हैं। शिकायतकर्ता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि अक्सर नशेड़ी क्लीनिक पर हंगामा करते हैं। बीते 4 सितंबर की शाम लगभग 5:00 बजे क्लीनिक बंद करते समय शिवम (कालू) नामक एक व्यक्ति दवाइयां लेने आया। मना करने पर धमकी देकर चला गया। अगले दिन 5 सितंबर को क्लीनिक खोलने पर लाइट जली हुई थी। बारीकी से देखने पर पता चला कि क्लीनिक से महंगी दवाइयां सीसीटीवी कैमरे तथा वाईफाई चोरी चला गया था। पुलिस ने इस मामले में घटना के लगभग तीन माह बाद चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# वृद्ध लापता, 7 माह बाद गुमशुदगी दर्ज

काशीपुर(उद संवाददाता)। घर से गंगा स्नान के लिए हरिद्वार निकला एक वृद्ध बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता है। घटना को लगभग 7 माह बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका। अनहोनी की आशंका को लेकर परिजन बेहद परेशान है। इस मामले में पुलिस ने लगभग सात माह बाद गुमशुदगी की दर्ज किया है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ला कानूनगोयान निवासी सुमित वर्मा ने बताया कि बीते 29 मई को उसके चाचा हरिओम वर्मा घर से गंगा स्नान के लिए हरिद्वार निकले लेकिन इसके बाद उनका कहीं कोई पता नहीं चल सका। कई दिनों तक घर वापस न लौटने पर परिजनों को इसकी चिंता सताने लगी। उन्होंने काशीपुर से लेकर हरिद्वार तक गायब व्यक्ति की तमाम तलाश की लेकिन उनका पता नहीं चल सका। परिजन अनहोनी की आशंका को लेकर सशंकित है।

# सोशल मीडिया पर कोहली की बेटी पर मजाकिया पोस्ट करने वाले युवक के खिलाफ केस दर्ज

**राष्ट्रीय महिला आयोग ने लिया संज्ञान, उत्तराखंड पुलिस को प्रकरण से अवगत कराया**

देहरादून। सोशल मीडिया पर विराट कोहली व उनकी बेटी समेत कई अन्य बच्चियों के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट डालने वाले के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामला राष्ट्रीय महिला आयोग के संज्ञान में आने के बाद पुलिस हरकत में आई है। पुलिस के सक्रिय होते ही आरोपी युवक ने अपने कृत्य पर अफसोस जताते हुए माफी मांगी है। राष्ट्रीय महिला आयोग की लीगल काउंसलर अनन्या सिंह और अध्यक्ष रेखा शर्मा ने मामले का संज्ञान लिया और उत्तराखंड पुलिस को प्रकरण से अवगत कराया। इसके बाद पुलिस ने जांच की। इसमें पता चला कि सानिध्य भट्ट निवासी आर्यनगर राजपुर रोड उस सोशल मीडिया अकाउंट को संचालित करता है, जिससे आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी। आरोपी ने बताया कि उसने वर्ष 2019-20 में फेसबुक के अलग-अलग एकाउंट खोले। इन पर मजाकिया पोस्ट करने शुरू किए और दूसरे ग्रुप में आने वाले मजाकिया पोस्ट भी शेयर करने लगा। कुछ समय बाद उसने वैसे ही पोस्ट खुद बनाने शुरू किए, ताकि उसका पेज जल्द वायरल हो। धीरे-धीरे वह डार्क कॉमेडी की ओर चला गया। जैसे ही उसने विराट कोहली और उनकी बेटी, दिव्यांग लोगों और एलजीबीटीक्यू पर मजाकिया और आपत्तिजनक पोस्ट की तो उसके रिश्तेदारों ने उसके इस कृत्य को गलत बताया। इसके बाद से उसने पोस्ट बंद कर दिए। पुलिस ने उसके इस कृत्य को गंभीर मानते हुए आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर में घने कोहरे का अलर्ट

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के मैदानी इलाकों में आज घना कोहरा छाएगा। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से ऊधमसिंह नगर जिले में रात से लेकर सुबह तक घना कोहरा छाए रहने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया। हरिद्वार जिले के लिए भी कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया गया है। केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार पहाड़ों में मौसम शुष्क रहेगा। हालांकि सुबह-शाम शीतलहर चलने से ठंड का अहसास होगा। उधर मैदानी इलाकों में कोहरा छाने से सुबह-शाम के साथ रात को भी सूखी ठंड सताएगी। प्रदेश के किसी भी जिले में अभी बारिश के आसार नहीं दिख रहे हैं। बृहस्पतिवार सुबह करीब दस बजे तक हरिद्वार और उधमसिंह नगर जिले में कोहरा छाया रहा। जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ।

# पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

गदरपुर(उद संवाददाता)। जनपद में वारंटियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष भुवन चंद जोशी के नेतृत्व में थाना वांछित अभियुक्त राजु पुत्र धीर सिंह नि0 वार्ड नं0 1 , करतारपुर रोड थाना गदरपुर को गिरफ्तार किया गया। जिसे सबंधित माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक बसन्त प्रसाद,ललिता प्रसाद, होमगार्ड दीपक शर्मा शामिल रहे।



# अवैध शराब सहित एक दबोचा

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। जीआरपी थाने में तैनात कां. खटीमा रेलवे स्टेशन पर चैकिंग अभियान चला रहे थे। इसी दौरान उन्होंने एक युवक को कच्ची शराब के साथ धर दबोचा। आरोपी को पुलिस की सुपुर्दगी में सौंप दिया गया। जीआरपी थाना काठगोदाम के सिपाही जगदीश कुमार और हरिशंकर मिश्रा रेलवे स्टेशन खटीमा में गश्त पर थे। मेलाघाट खटीमा रेलवे फाटक पर रेलवे पटरी के किनारे एक युवक को संदिग्ध हालत में बैठा देखा जिसे दोनों सिपाहियों ने धर दबोचा। उसके हाथ में मिले कट्टे की तलाशी ली गई तो उसमें 19 पाउच कच्ची शराब बरामद हुई। पकड़े गए युवक ने अपना नाम दीपक विष्ट पुत्र हरी सिंह निवासी वार्ड नंबर 15 राजीव नगर खटीमा बताया। आरोपी को पुलिस की सुपुर्दगी में सौंप दिया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# रेलवे प्लेटफार्म पर युवक का पर्स उड़ाया

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। जेबकतरे अब रेलवे स्टेशन में भी सक्रिय होने लगे हैं। रेल में चढ़ रहे एक युवक का पर्स जेबकतरे ने पार लिया। पर्स में युवक के रेल टिकट के साथ ही जरूरी कागजात भी थे। पीड़ित ने मामले की शिकायत जीआरपी थाने में की है। मेरगांव लमगड़ा अल्मोड़ा निवासी कमल सिंह पुत्र आनंद सिंह मेर ने जीआरपी थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि वह 4 जनवरी को अंबाला जाने के लिए ट्रेन में सवार हुआ। इसी दौरान उसका पर्स किसी उच्चके ने पार कर लिया। पर्स में उसका रेलवे टिकट के साथ ही आधार कार्ड, पैन कार्ड, एटीएम कार्ड आदि मौजूद थे।

# रेलवे स्टेश पर उचक्के ने छीना युवती का फोन

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। रेलवे स्टेशन पर एक उच्चका युवती का फोन लेकर भाग गया। उसे ढूंढने की कोशिश भी की लेकिन उसका कहीं सुराग नहीं लग पाया। युवती ने जीआरपी चौकी रामनगर में शिकायत दर्ज कराई है। एक युवती ने जीआरपी चौकी में तहरीर दी है कि वह अपनी मां के साथ रामनगर बाजार से रेलवे स्टेशन पड़ाव की ओर आ रहे थे। जब वह टिकट घर के पास पहुंचे तभी एक युवक उसका मोबाइल छीनकर फरार हो गया। युवती ने फोन बरामदगी की गुहार लगाई है।








**किराये हेतु**

रूद्रपुर में भगत सिंह चौक पर एक तीन मंजिला मकान ( बेसमेंट सहित ) किराये हेतु उपलब्ध है।

**-सम्पर्क करें-**
मो. 9012700007

**सूचना नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम JUGAL KISHOR से बदलकर JUGAL KISHOR NARANG कर लिया है अत: भविष्य मैं मुझे JUGAL KISHOR NARANG S/O SHER CHAND NARANG के नाम से जाना पहचाना जाए।

**वर्तमान पता**-आरआर क्वाटर नं. 12 सनातन इण्टर कालेज के पीछे, वार्ड नम्बर 12, रूद्रपुर, जिला ऊधम सिंह नगर

सीएम ने की 22 जनवरी के दिन दीपोत्सव और कलश यात्रा के साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करने की अपील

# देहरादून से अयोध्या के लिए विमान सेवा को प्रारम्भ किया जाए : धामी

## सीएम धामी ने रेल मंत्री से किया वंदे भारत सेवा का विस्तार करने का अनुरोध



देहरादून(उद संवाददाता)। अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर उत्तराखण्ड में भी तैयारियां तेज हो गई है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने निर्देश दिए हैं कि उत्तरायणी पर होने वाले कार्यक्रमों को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की थीम पर आयोजित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड के लोगों में इस समारोह को लेकर विशेष उमंग एवं उत्साह का माहौल है। उन्होंने आम लोगों से अपील की है कि वे 22 जनवरी के दिन दीपोत्सव और कलश यात्रा के साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करें। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से देहरादून से अयोध्या के लिए विमान सेवा प्रारम्भ करने का अनुरोध किया है। इस संबंध में केन्द्रीय नागरिक विमानन मंत्री को प्रेषित पत्र में मुख्यमंत्री ने कहा है कि उत्तराखण्ड देवभूमि होने के कारण देशभर के तीर्थ यात्रियों का यहां आना जाना लगा रहता है, इसलिए देहरादून से अयोध्या तक श्रद्धालुओं के आवागमन हेतु हवाई सेवा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि देवभूमि के श्रद्धालु एवं देशभर के तीर्थ यात्रियों को आवागमन हेतु देहरादून से अयोध्या हेतु सीधे कोई हवाई सेवा उपलब्ध नहीं है, जिससे देवभूमि उत्तराखण्ड में आने वाले श्रद्धालुओं को श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या जाने में अत्यधिक कठिनाई होने की संभावना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह की कठिनाईयों के समाधान हेतु प्रतिदिन एक हवाई सेवा देहरादून से अयोध्या तक संचालित किया जाना नितांत आवश्यक है, इससे देश व प्रदेश के यात्रियों को सुविधा होगी। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने केन्द्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव से अनुरोध किया है कि देहरादून से लखनऊ तक प्रस्तावित वंदे भारत रेल सेवा का विस्तार अयोध्या तक किया जाए। इस संबंध में केन्द्रीय रेल मंत्री को भेजे गए पत्र में मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में प्रभु श्री रामलला की मूर्ति विराजमान होंगी, जिससे देवभूमि उत्तराखण्ड में आए देशभर के तीर्थ यात्रियों एवं श्रद्धालुओं का आवागमन अयोध्या में भी अत्यधिक रहेगा।







मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम जन्मभूमि मंदिर के प्रवेश द्वार पर गज, सिंह, हनुमान जी और गरुड़ की स्थापित प्रतिमाओं का अद्भुत दृश्य

# डीने किया निर्माणाधीन नशा मुक्ति केन्द्र तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का स्थलीय निरीक्षण

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना सिंह ने गुरूवार को पाण्डे नवाड़ में निर्माणाधीन नशा मुक्ति केन्द्र तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का स्थलीय निरीक्षण कर कार्यदायी संस्था के साथ ही चिकित्सा, समाज कल्याण एवं आयुर्वेदिक अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये है। निर्माणाधीन नशा मुक्ति केंद्र भवन के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को निर्देश देते हुये कहा कि भवन की बाउंड्रीवाल की ऊंचाई के साथ ही मेन गेट की ऊंचाई भी बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा नशा मुक्ति केन्द्र के समीप एएनएम सेंटर भवन के सुधारीकरण हेतु प्रस्ताव बनाने के साथ ही चिकित्सक एवं काउन्सलर कक्ष के नवीनीकरण हेतु भी प्रस्ताव बनाये जांए। उन्होंने कहा नशा मुक्ति केंद्र भवन के दीवारों व मरीजों के कमरों पर आकर्षक पेंटिंग की जाए। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति केंद्र में आने वाले व्यक्तियों को अच्छे उपचार और सकारात्मक परिवेश का लाभ मिले इसके लिए फुलवारी, गाडर्निंग, योगा, व्यायाम तथा ध्यान की गतिविधियां हेतु भवन के सभी खाली भूमि पर पार्क एवं ध्यान केन्द्र, एक्टिविटी कक्ष आदि सुविधाएं बनाई जाए। उन्होंने कहा इस प्रकार की गतिविधियां करने से मरीजो को सक्रात्मक ऊर्जा का अनुभव होता है। उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिये कि इस नशा मुक्ति केन्द्र का पंजीकरण भी कराना सुनिश्चित करें साथ ही जनवरी अन्तिम सप्ताह तक नशा मुक्ति केन्द्र संचालित करने के भी निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि पाण्डे नवाड नशा मुक्ति केन्द्र का नाम भूमि दानदाता के नाम पर रखा जाने हेतु प्रस्ताव तैयार करवाएं । इसके पश्चात जिलाधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पाण्डे नवाड का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजिका में पाया कि पीएचसी सेंटर में प्रयोगशाला टैक्निशियन की तैनाती है पर प्रयोगशाला नही है। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को लैब स्थापना हेतु आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। नशा मुक्ति केन्द्र के पास आयुर्वेदिक चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जिला आयुर्वेदिक अधिकारी को चिकित्सालय में चिकित्सक की तैनाती करने के निर्देश दिये। निरीक्षण दौरान सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा0 एमएस गुंज्याल, जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिडियाल के साथ चिकित्सक उपस्थित थे।



# गरीबों को वितरित किये कम्बल

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने कहा है कि वह निर्धन, असहाय, और बेसहारा लोगों की मदद में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ेगी। उन्होंने कहा कि शीत लहर के चलते कड़कड़ाती ठंड से बचाव के लिए गरीबों को कंबल उपलब्ध कराए जाएंगे। इधर बुधवार को श्रीमती शर्मा ने अपने आवास पर विभिन्न बस्तियों की एक दर्जन महिलाओं को सर्दी से बचने के लिए कंबलों का वितरण किया। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा ने कहा कि तराई में शीत लहर का प्रकोप जारी है, ऐसे में निर्धन, बेसहारा,और जरूरतमंदों को वह कंबल प्रदान कर उनकी मदद करेगी। श्रीमती शर्मा ने कहा कि वह पिछले कई वर्षों से इस तरह के सामाजिक कार्य करती रही हैं, और उनका यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।





# 1.82 करोड़ की एमडीएमए ड्रग्स के साथ तीन दबोचे

## पुलभट्टा पुलिस को मिली बड़ी सफलता, अंडमान निकोबार से लाई गई थी ड्रग्स

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। ड्रग्स तस्करों के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलभट्टा पुलिस ने 365 ग्राम से अधिक एमडीएमए ड्रग्स क्रिस्टल मेथ के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद ड्रग्स की कीमत एक करोड़ 82 लाख बताई जा रही है। खुलासा करते हुए एसएसपी मंजूनाथ टिसी ने बताया थानाध्यक्ष पुलभट्टा के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा देर रात्रि सघन चौकिंग के दौरान शंकर फार्म कट के पास मोटरसाइकिल अपाचे संख्या यूके 06एपी 7498 में दीपक गाइन पुत्र ज्ञानेन्द्र गाइन निवासी शिवनगर थाना ट्रांजिट कैम्प , समल मंडल पुत्र उपेन मंडल निवासी ग्राम भरतपुर थाना न्यूरिया जिला पीलीभीत और सुनील पुत्र भोलाराम निवासी मोहल्ला तिलहर थाना तिलहर जिला शाहजहाँपुर हाल निवासी किरायेदार मोहन बिष्ट निवासी दानपुर थाना रुद्रपुर उधम सिंह नगर को मय 365 ग्राम एमडीएमए ड्रग्स क्रिस्टल मेथ सहित गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में तीनो ने बताया कि दीपक गाइन थाना रूद्रपुर से गांजा बरामदगी के मामले मे जेल मे बन्द था तथा थाना रूद्रपुर से ही समल मंडल चोरी के मामले में जेल में बन्द था। सुनील पुत्र भोलाराम थाना गदरपुर से धारा 307 भा0द0वि0 के मामले मे बन्द था जहाँ तीनो की मुलाकात एमडी एमए ड्रग्स के मामले में रूद्रपुर थाने से जेल आये शुभांकर विश्वास पुत्र सुभाष विश्वास निवासी पिपलिया न0-1 गदरपुर व खोकन गोलदार पुत्र घोलू गोलदार निवासी कुलतला थाना हावडा जिला उत्तर 24 परगना कोलकत्ता पश्चिम बंगाल हाल किरायेदार शुभांकर विश्वास का घर गदरपुर के साथ हुयी खोकन गोलदार झाड फूक का काम करता था जो अंडमान निकोबार से 3 किलो एमडीएमए ड्रग्स लाया था जिसमे से 1 किलो उसने दिल्ली मे किसी व्यक्ति को बेच दी थी तथा 2 किलो एमडीएमए बिकवाने के लिए उसने शुभांकर विश्वास से सम्पर्क किया था और वह 2 किलो एमडीएमए लेकर शुभांकर के घर किराये मे अपने साथी विश्वजीत मजूमदार के साथ रहने लगा शुभांकर खोकन और विश्वजीत को एक किलो ड्रग्स के साथ 25 जनवरी 2022 को एसओजी ने पकड लिया था और 1 किलो एमडीएमए ड्रग्स उन्ही के पास बच गया था बाद मे अंडमान निकोबार मे खोकन गोलदार का 1 वीडियो उक्त ड्रग्स के सन्दर्भ में वायरल हो गया था जिसमें अंडमान निकोबार पुलिस ने खोकन गोलदार व विश्वजीत मजूमदार के विरूद्ध मामला दर्ज किया था। रूदपुर मे एसओजी द्वारा पकडे जाने पर शुभांकर खोकन और विश्वजीत हल्द्वानी जेल आये थे जहाँ उनकी मुलाकात और बातचीत हुयी जमानत में पांचो लोग जब बाहर आये तो खोकन गोलदार और शुभांकर विश्वास ने उस समय का बचा हुआ 1 किलो एमडी एमए बिकवाने हेतु सम्पर्क किया वह लोग करीब 600 ग्राम माल टुकडो मे अलग अलग जगहो पर एक करोड रूपये किलो के हिसाब से बेच चुके हैं। तीनो यह माल 45 लाख रूपये में परोई बहेडी के रईस को देने जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तगण व अपराध मे संलिप्त विरुद्ध थाना पुलभट्टा में बरामदगी के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में बरामद एमडीएमए ड्रग्स क्रिस्टल मेथ की कीमत लगभग 01 करोड़ 82 लाख रूपये आकी गयी है। एसएसपी ने बताया कि पकड़े गये आरोपियों का लम्बा आपराधिक इतिहास रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम में ओमप्रकाश शर्मा क्षेत्राधिकारी सितारगंज, थानाध्यक्ष कमलेश भट्ट, 30नि0 पंकज कुमार, उ0नि0 पवन जोशी, प्रताप सुयाल, हे0का0 फिरोज खान,का. महेन्द्र सिंह विष्ट,का0 लछनाथ,का. मनोज मेहरा, का0 चारुचन्द्र पंत, का. दीपक बिष्ट आदि शामिल हैं।



# मोदी मैदान में स्टेडियम बनाने की कवायद शुरू

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा के अनुरूप मोदी मैदान में इंडोर आउटडोर स्टेडियम निर्माण की कवायद शुरू हो गयी है। बता दें विधायक शिव अरोरा ने मोदी मैदान में इंडोर आउटडोर स्टेडियम बनाये जाने की मांग मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से की थी। जिस पर सीएम ने इसकी सार्वजनिक घोषणा की थी। घोषणा को धरातल पर उतारने के लिए गुरूवार को जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसुविधाओं व शहर का हो रहे विस्तार को देखते हुये (इन्डोर व आउटडोर) स्टेडियम निर्माण हेतु मोदी मैदान की भूमि उपयुक्त पायी गयी है। उन्होने जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, जिला क्रीडा अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था परियोजना प्रबन्धक अस्थाई निर्माण इकाई (खेल), उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास निर्माण निगम देहरादून को निर्देश दिये कि चयनित भूमि का सर्वे कर प्रपोजल तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि आधुनिक स्टेडियम निर्माण हेतु पार्किगं आदि सभी सुविध ाओं को ध्यान में रखते हुये प्रपोजल किया जाये। उन्होने कहा कि स्टेडियम के निर्माण होने से स्थानीय जनता व युवाओं को काफी सहुलियत मिलेगी। जिलाधिकारी ने तहसीलदार को निर्देशित करते हुये कहा कि चयनित भूमि को खेल विभाग के नाम हस्तान्तरित करने की कार्यवाही शीघ्रता से पूर्ण करें।नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल ने बताया कि चयनित भूमि मोदी मैदान लगभग 80 हजार वर्गमीटर (लगभग 20 एकड़)भूमि है।बैठक में अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल, ओसी गौरव पाण्डेय, जिला क्रीडा अधिकारी गिरीश कुमार, परियोजना प्रबन्धक अस्थाई निर्माण इकाई (खेल),उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास निर्माण निगम देहरादून के अधिशासी अभियन्ता आरसी जोशी, तहसील दार दिनेश कुटोला उपस्थित थे।



# गन्ना किसानों को बकाये की दूसरी किश्त भी जारी

किच्छा(उद संवाददाता)। किच्छा चीनी मिल द्वारा वर्तमान पेराई सत्र के प्रारंभ में गाना कृषकों के गन्ना मूल्य का द्वितीय किस्त का भुगतान भी कर दिया है भुगतान राशि वर्तमान प्राइस सत्र में 15 करोड़ 70 लाख कर दी गई है। उक्त जानकारी देते हुए मिल के अधिशासी निदेशक त्रिलोक सिंह मार्तोलिया ने बताया कि चीनी मिल द्वारा 18 दिसंबर से 24 दिसंबर तक खरीदे गए गन्ने के मूल्य का 7 करोड़ 22 लाख 7700 भुगतान आरटीजीएस के माध्यम से संबंधित समितियां के बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिया गया है किच्छा चीनी मिल द्वारा अभी तक पेराई सत्र के प्रारंभ में 8 दिसंबर से 24 दिसंबर तक 17 दिन तक खरीदे गए गाने का कुल गन्ना मूल्य रुपए 15 करोड़ 70 लाख 46731 रुपया का भुगतान संबंधित समितियां को कर दिया गया है। तथा समितियां को निर्देशित किया गया है कि गन्ना कृषकों के खातों में गन्ना मूल्य का भुगतान सुनिश्चित कर किया। जाए इसके अतिरिक्त किच्छा चीनी मिल द्वारा अभी तक 773700 कुंतल गन्ने की पेराई कर 74850 कुंतल चीनी उत्पादन किया है अधिशासी निदेशक त्रिलोक से मार्तोलिया द्वारा गाना कर्षकों से अनुरोध किया गया है कि सभी कृषक जड़ अकोला पट्टी रहित ताजा एवं साफ सुथरा गाना मेल को आपूर्त करें जिससे चीनी मिल द्वारा चीनी का उत्पादन अच्छी मात्रा और गुणवत्ता में किया जाए ।

# मानस की जात सबै एकै पहचानबो....

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा सिंह सभा गदरपुर में आयोजित धार्मिक गुरमत समागम में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के अखंड पाठ के भोग के उपरांत रागी बेअंत सिंह द्वारा कीर्तन एवं अन्य वक्ताओं द्वारा गुर इतिहास श्रवण कराया गया । इस दौरान बिलगायां लखीमपुर उत्तर प्रदेश से पहुंचे ढाढ़ी जत्था भाई गुरुबाज सिंह आजाद एवं उनके साथी रक्षपाल सिंह तूफान, पलविंदर सिंह प्रेमी एवं गुरवंत सिंह हीरा द्वारा संयुक्त रूप से गुर इतिहास पर प्रकाश डाला । भाई गुरबाज सिंह ने गुरु गोविंद सिंह जी के जन्म के उपरांत पटना साहिब की धरती पर पंजाब के रहने वाले सैयद भीखणशाह द्वारा गुरु जी के दर्शन करने हेतु उनके घर पटना साहिब पहुंच कर आशीर्वाद प्राप्त किया सैयद ने कहा था, दुनिया में जो जुल्म हो रहे हैं उसके निस्तारण के लिए गुरु गोविंद सिंह का जन्म पटना साहिब की धरती बिहार में हुआ है ,मानस की जात सबै एकै पहचानबो, के आधार पर देश समाज को एक नई दिशा देंगे ।भाई गुरबाज सिंह द्वारा सभी संगत को गुरु वाले बनकर अमृत छककर एवं गुरबाणी गुरमत अनुसार अपना जीवन व्यतीत करने तथा नशा मुक्त समाज का सृजन किए जाने का आह्वान किया । इस मौके पर हजारों की संख्या में संगत ने लंगर रूपी गुरु प्रसाद ग्रहण किया ।



# कौशल्या मंदिर में सुंदरकांड के साथ पूजित अक्षत वितरण कार्यक्रम शुरू

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गंगापुर रोड स्थित कौशल्या एनक्लेव प्रांगण में स्थित मंदिर परिसर में राम भक्तों द्वारा सुंदरकांड के साथ पूजित अक्षत घर-घर वितरण का कार्य शुरू कर दिया गया है। कौशल्या के प्रतिनिधि ललित दुमका एवं अजय राज शर्मा व अन्य लोगों ने संयुक्त रूप से बताया कि विगत दिवस मंदिर प्रांगण में भव्य तरीके से पूजित अक्षरों को स्थापित किया गया था। तब से मंदिर में लगातार भजन कीर्तन, हनुमान चालीसा व अन्य धार्मिक कार्यक्रम किये जा रहे हैं। इसी परिपेक्ष में कल 6 जनवरी दिन शनिवार को मंदिर प्रांगण में सायं 5 बजे से सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा। उसके बाद घर-घर जाकर पूजित अक्षत वितरण किए जाएंगे एवं राम मंदिर के बारे में सभी को जागरूक किया जाएगा। समिति के प्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि रविवार 7 जनवरी को प्रात: 10:00 बजे मंदिर प्रांगण से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जो कॉलोनी के अंदर होते हुए गेट वन से मुख्य मार्ग, दक्ष चौराहे, कस्तूरी वाटिका, बगवाड़ा रोड होते हुए गेट नंबर 2 से अंदर जाकर मंदिर में इसका समापन किया जाएगा। तत्पश्चात सूक्ष्म प्रसाद वितरण किया जाएगा। 22 जनवरी को मंदिर में भव्य प्रोग्राम के साथ प्रसाद वितरण, भंडारा लंगर आदि का कार्यक्रम किये जाएंगे।इस अवसर पर ललित दुमका, अजय राज शर्मा, शिव व्रत कुशवाहा, मनोज तंवर, ओम प्रकाश, राम सिंह भोज, अमर शुक्ला, सुशील कुमार, आलोक राय, गंगेश चौरसिया, सूरज कांडपाल, हेमेंद्र गंगवार, जयंत हालदार, नंदकिशोर, सोनू वर्मा, पूरन सिंह केड़ा, मनोज चिलवाल, संदीप थपलियाल, मुकेश कुमार, राकेश पांडे, पूरन पंत, आनंद सिंह केड़ा, रोहित पांडे, केबी जोशी, अशोक मुरारी एवं समिति के प्रसिद्ध भजन गायक कुंज बिहारी श्रीवास्तव सहित कई भक्तजन मौजूद थे।




उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## गोल्डी बराड़ आतंकवादी घोषित

खालिस्तान समर्थकों और उन्हें पनाह देने वालों पर अंकुश लगाने की दिशा में एक और कठोर कदम उठाते हुए भारत सरकार ने गोल्डी बराड़ को कुख्यात अपराधी की जगह आतंकवादी घोषित कर दिया है। गोल्डी बराड़ तब चर्चा में आया, जब गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या कर दी गई थी। बीस महीने पहले गोल्डी बराड़ ने खुद उस हत्या की जिम्मेदारी ली थी। गोल्डी का रिश्ता कुख्यात अपराधी लारेंस विश्नोई के गिरोह से है। फिर इस मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजंसी ने भी करनी शुरू की तो उसके अपराधों की फेहरिस्त खुलती गई। गोल्डी पिछले करीब सात वर्षों से कनाडा में रहता है और वहीं से आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देता रहा है। वह न केवल अनेक हत्याओं की साजिश रचने और पेशेवर हत्यारे तैयार करने का आरोपी है, बल्कि उसके तार पाकिस्तान से भी जुड़े हैं। वह ड्रोन के जरिए हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटकों की तस्करी करता रहा है। पंजाब में खालिस्तान समर्थकों को संगठित करता और उपद्रवियों को उकसाता रहा है। इन्हीं तथ्यों के आधार पर भारत सरकार ने उसे आतंकवादी घोषित किया है। उसके खिलाफ 'रेड कार्नर नोटिस' पहले ही जारी किया जा चुका है। आतंकवादी घोषित होने के बाद उसकी मुश्किलें बढ़ गई हैं। अभी तक गोल्डी बराड़ के खिलाफ पंजाब पुलिस एक सामान्य अपराधी की तरह कार्रवाई का प्रयास करती रही है, मगर आतंकवादी घोषित होने के बाद अब दुनिया के किसी भी देश की पुलिस उसे गिरफ्तार कर सकती है। गोल्डी पर गैरकानूनी गतिविधि निरोधक अधिनियम के तहत भारत विरोधी गतिविधियां संचालित करने का आरोप है। इस तरह अब कनाडा सरकार के पास भी यह बहाना नहीं होगा कि वह गोल्डी को बचाने या पकड़ने के बाद भारत को सौंपने में आनाकानी करे। भारत सरकार के इस कदम से एक बार यही रेखांकित हुआ है कि कनाडा अपने यहां भारत के खिलाफ गतिविधियां चलाने वालों को पनाह दिए हुए है। भारत सरकार कई बार अपील कर चुकी है कि कनाडा सरकार ऐसे लोगों के प्रति किसी भी प्रकार की नरमी न बरते, मगर अब तक उससे अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पाया है। यह उजागर तथ्य है कि भारत के पंजाब से जाकर कनाडा में बसे अनेक खालिस्तान समर्थक संगठन भारत में अलगाववादी गतिविधियों को प्रश्रय देते, उन्हें धन, हथियार वगैरह मुहैया कराते रहे हैं। उनमें से कई संगठनों के तार पाकिस्तान के आतंकवादी संगठनों से जुड़े हैं। गोल्डी बराड़ पर भी पाकिस्तान से मदद लेने के आरोप हैं। पंजाब में अलगाववाद की आग बहुत पहले शांत हो गई थी, मगर पिछले कुछ साल से फिर कनाडा, ब्रिटेन आदि देशों में बसे उपद्रवी तत्त्वों ने इसे भड़काने की कोशिश शुरू कर दी है। इससे स्वाभाविक ही सरकार की चिंता बढ़ी है। एक तो पंजाब सीमावर्ती राज्य है और वहां से पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों की घुसपैठ की आशंका रहती है, इस दृष्टि से भी और दूसरे, कनाडा, ब्रिटेन, अमेरिका आदि में खालिस्तान समर्थकों के भारत विरोधी गतिविधियां चलाने से पूरी दुनिया में हो रही बदनामी की वजह से भी। इसलिए भारत सरकार लगातार इन देशों से सहयोग की अपील करती रही है, मगर खासकर कनाडा को यह नामंजूर ही रही है। उल्टा उसने तो निज्जर हत्या मामले में भारत सरकार पर ही आरोप लगा दिए। गोल्डी बराड़ के आतंकवादी घोषित किए जाने के बाद अब उसके पास उसे बचाने का कोई तर्क नहीं बचा है। देखना है कि इस मामले में कनाडा का कितना सहयोगात्मक रुख रहता है।

# नेपाल में तेज होती हिंदू राष्ट्र की मांग

नेपाल में लोकतंत्र की स्थापना के 15 साल बाद एक बार फिर से राजशाही और हिंदू राष्ट्र की मांग जोर पकड़ रही है। इसे लेकर 23 नवंबर 2023 को काठमांडू की सड़कों पर बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुआ। कारोबारी दुर्गा प्रसाई के नेतृत्व में 'राष्ट्र, राष्ट्रवाद, धर्म, संस्कृति और नागरिकों की रक्षा के लिए अभियान' शुरू हुआ है। 2008 में नेपाल के गणराज्य बनने के बाद से यह सबसे बड़ा प्रदर्शन बताया जा रहा है। फिलहाल हिंदू मुहिम के अगुआ प्रसाई सरकार की कड़ी निगरानी में हैं। एक समय प्रसाई के प्रधानमंत्री प्रचंड और ओली के साथ घनिष्ठ संबंध थे, लेकिन अब वह नियमित रूप से आलोचना कर रहे है। इसी समय राजशाही के दौर में गृहमंत्री रहे कमल थापा ने हिंदू राष्ट्र की मांग के लिए नया गठबंधन बनाया है। पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र शाह भी एकाएक सक्रिय होकर सार्वजनिक कार्यक्रमों में भागीदारी करने लगे हैं। वह मंदिरों में भी होने वाली पूजा में शामिल हो रहे हैं। भारत में राम मंदिर के 22 जनवरी 2024 को होने जा रहे उद्घाटन का प्रभाव भी नेपाल में उठ रही हिंदू राष्ट्र की मांग पर पड़ रहा है। इस मांग के विरुद्ध सत्तारूढ़ गठबंधन और विपक्ष के नेता राजशाही और हिंदू राष्ट्र की आलोचना हेतु एकजुट हो गए हैं। प्रचंड ने प्रदर्शनकारियों को अराजकतावादी करार दिया है। वहीं ओली ने हिंदू साम्राज्य की तुलना पाषाण युग से करके आग में घी डालने का काम कर दिया है। हालांकि यह मांग कोई नई नहीं है। नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री शेर बाहदुर देउबा अप्रैल-2022 में भारत आए थे। तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हुई मुलाकात के बाद से ही जनता में नेपाल को हिन्दू राष्ट्र बनाये जाने मांग जोर पकड़ रही है। इस मांग में नेपाल के मुस्लिम भी शामिल हैं। दोनों हिंदू देशों के लिए यह एक सुखद संदेश है। इस दोस्ताना शिखर-वार्ता से तय हुआ था कि नेपाल चीन के विस्तारवादी शिकंजे से मुक्त होने की राह पर चल पड़ा है। नेपाल ने अब भरोसा दिया है कि सीमा विवाद का राजनीतिकरण नहीं होगा और जल्द इस विवाद को द्विपक्षीय बातचीत से सुलझा लिया जाएगा। आजादी के अमृत महोत्सव के चलते भारत ने नेपाल में 75 विकास परियोजनाएं शुरू करने की घोषणा की थी। भारत के आर्थिक सहयोग से तैयार बिहार के जयनगर और नेपाल के कुर्था तक रेल सेवा का उद्घाटन भी किया था। याद रहे दोनों देशों के बीच रोटी-बेटी के संबंध रामायण काल से चले आ रहे हैं। राम की धर्मपत्नी सीता नेपाल के जनकपुर से थीं। भारत के धार्मिक श्रद्धालुओं को यह रेल जनकपुरधाम तक पहुंचना आसान कर देगी। हालांकि इस मुलाकात के कुछ समय बाद ही नेपाल में सत्ता परिवर्तन हुआ और मओवादी चीन से प्रभावित पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' फिर से प्रधानमंत्री बन गए थे। दरअसल नेपाल की कम्युनिष्ट पार्टी का चीन की गोद में बैठना और भारत विरोधी अभियान चलाना देश की जनता को नागवार गुजर रहा है। राजशाही के साथ हिंदू राष्ट्र बहाली की मांग भी मुखर हुई है। नेपाल के मुसलमान भी देश को हिंदू राष्ट्र बनाने के पक्ष में हैं। नेपाल को हिंदू राष्ट्र बनाने की मांग के समर्थन में हो रहे प्रदर्शनों में शामिल राप्ती मुस्लिम सोसायटी के अध्यक्ष अमजद अली ने कहा है कि इस्लाम को बचाने के लिए यह जरूरी है। समाज के कुछ नेताओं का मानना है कि हिंदू राष्ट्र का दर्जा खत्म होने के बाद से नेपाल में ईसाई मिशनरियां ज्यादा सक्रिय हो गई हैं। मिशनरी इस स्थिति का फायदा उठाकर लोगों का धर्म परिवर्तन करवा रही हैं। यूसीपीएन माओवादी के मुस्लिम मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष उदबुद्दीन फ्रू भी मिशनरियों के बढ़त प्रभाव को स्वीकार करते हैं। राष्ट्रवादी मुस्लिम मोर्चा के अध्यक्ष बाबू खान पठान ने हिमालयन टाइम्स को बताया कि मुसलमान देश की धर्मनिरपेक्ष पहचान नहीं चाहते हैं। 80 फीसद मुस्लिम आबादी देश की हिंदू पहचान बहाल करने के पक्ष में है। गौरतलब है कि राजशाही समर्थक राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी और कई हिंदूवादी संगठन काफी समय से नेपाल को फिर से हिंदू राष्ट्र का दर्जा देने के लिए अभियान चला रहे हैं। पिछले महीने राजनीतिक दलों के बीच नए संविधान में देश की धर्मनिरपेक्षता पहचान खत्म करने को लेकर सहमति बनी थी। इसके बाद से यह मांग और तेज हो गई है। देश के सभी संप्रभुताओं के लोग मानते हैं कि पुरानी हिंदू पहचान की बहाली का कोई विकल्प नहीं है। धर्मनिरपेक्षता हिंदू-मुस्लिम एकता तोड़ने की साजिश है। दरअसल पांच साल पहले दो नेपाली युवकों को बुटवॉल में पुराने राष्ट्रगान को गाने की वजह से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद से ही पूरे नेपाल में इस राष्ट्रगान को गाने का सिलसिला चलने के साथ हिंदू राज की पुनर्स्थापना की मांग उठ रही है। हिमालय की गोद में बसा नेपाल एक छोटा और सुंदर देश है। पूरी दुनिया में नेपाल ही एकमात्र ऐसा देश है, जिसे आज तक कोई दूसरा देश परतंत्र नहीं बना पाया। इसलिए यहां स्वतंत्रता दिवस नहीं मनाया जाता। किंतु चीन के लगातार बढ़ रहे हस्तक्षेप के चलते लोगों को लगने लगा है कि कहीं यह हिंदू धर्मावलंबी देश अपनी मौलिक संस्कृति व स्वतंत्रता न खो दे ? नेपाल एक दक्षिण एशियाई देश है। नेपाल के उत्तर में चीन का स्वायत्तशासी प्रदेश तिब्बत है। जिसे चीन निगलता जा रहा है। दक्षिण पूर्व व पश्चिम में भारत की सीमा लगती है। नेपाल की 85.5 प्रतिशत आबादी हिंदू है, इसलिए वह प्रतिशत के आधार पर सबसे बड़ा हिंदू धर्मावलंबी देश है। नेपाल में लंबे समय तक राजशाही रही है। किंतु राजशाही के खूनी दुखद अंत के बाद यहां माओवादी नेता प्रचंड के प्रधानमंत्री बनने से सामंतशाही सिमटती चली गई और 18 मई 2006 को राजा के अधिकारों में कटौती कर नेपाल को एक धर्मनिरपेक्ष राज्य घोषित कर माओवादी लोकतंत्र की शुरूआत हो गई। तभी से चीनी हस्तक्षेप के चलते यहां के मूल स्वरूप को बदलने के अलावा भारत के साथ संबंध खराब होने की शुरूआत भी हो गई थी। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने चीन के दबाव में न केवल भारत से शत्रुतापूर्ण संबंधों की बुनियाद रखी,,बल्कि चीनी सेना को खुली छूट देकर अपनी जमीन भी खोना शुरू कर दी। जाहिर है, नेपाल में लोकतांत्रिक राज्य की स्थापना तो हो गई,, लेकिन लचर नेतृत्व के चलते यह देश अपना अस्तित्व खोने की कगार पर आ खड़ा हुआ था। हमारे पड़ोसी देशों में नेपाल और भूटान ऐसे देश हैं, जिनके साथ हमारे संबंध विश्वास और स्थिरता के रहे हैं। यही वजह है कि भारत और नेपाल के बीच 1950 में हुई सुलह, शांति और दोस्ती की संधि आज भी कायम है। नेपाल और भूटान से जुड़ी 1850 किमी लंबी सीमा रेखा बिना किसी पुख्ता पहरेदारी के खुली है। बावजूद चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश की तरह कोई विवाद नहीं है। बिना पारपत्र के आवाजाही निरंतर जारी है। करीब 60 लाख नेपाली भारत में काम करके रोजी-रोटी कमा रहे हैं। 3000 नेपाली छात्रों को भारत हर साल छात्रवृत्ति देता है। नेपाल के विदेशी निवेश में भी अब तक का सबसे बड़ा 47 प्रतिशत हिस्सा भारत का है। बावजूद यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि नेपाल का झुकाव चीन की ओर बढ़ता चला गया। हालांकि नरेंद्र मोदी ने अगस्त 2014 में नेपाल की यात्रा करके बिगड़ते संबंधों को आत्मीय बनाने की सार्थक पहल की थी, किंतु भारतीय मूल के मधेशियों के आंदोलन ने इस पर पानी फेर दिया था। अब नेपाल और चीन के बीच द्विपक्षीय संबंधों के तहत ऐतिहासिक पारगमन व्यापार समझौते समेत 10 समझौतों की शुरूआत करके नेपाल ने चीन से रिश्ते मजबूत कर लिए थे। चीन और नेपाल के बीच तिब्बत के रास्ते रेलमार्ग बनाने पर भी संधि हुई है। चीन ने काठमांडू से करीब 200 किमी दूर पोखरा में क्षेत्रीय हवाई अड्डा निर्माण के लिए नेपाल को 21000 डॉलर का सस्ती ब्याज दर पर ऋण दिया है। मुक्त व्यापार समझौते पर भी हस्ताक्षर हुए हैं। नेपाल में तेल और गैस की खोज करने पर भी चीन सहमत हुआ है। इसके लिए वह नेपाल को आर्थिक और तकनीकि मदद देने को राजी हो गया है। चीन ने नेपाल में अपने व्यावसायिक बैंक की शाखाएं भी खोल दी हैं। नेपाली बैंक भी अपनी शाखाएं चीन में खोल रहे हैं। संस्कृति, शिक्षा और पर्यटन जैसे मुद्दों पर भी चीन का दखल नेपाल में बढ़ गया है। अर्से से इन्हीं कूटिल कूटनीतिक चालों के चलते कम्युनिष्ट विचारधारा के पोषक चीन ने माओवादी नेपालियों को अपनी गिरफ्त में लिया और नेपाल के हिंदू राष्ट्र होने के संवैधानिक प्रावधान को खत्म करके प्रचंड को प्रधानमंत्री बनवा दिया था। चीन नेपाल की पाठशालाओं में चीनी अध्यापकों से चीनी भाषा मंदारिन की मुफ्त में शिक्षा नेपाली नागरिकों को दे रहा है। इन पाठशालाओं की संख्या 50 से भी ज्यादा है। चीन इस प्रयास के बहाने नेपाल की सांस्कृतिक, सामाजिक और राजनैतिक संबंधों का नया इतिहास गढ़ने में लगा है। ऐसे में नेपाल में हिंदु राष्ट्र की मांग उठना न केवल नेपाल के हित में है, बल्कि भारत के हित में भी है।

**- प्रमोद भार्गव, लेखक**
**वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार**

## परिवहन निगम कर्मचारियों की हड़ताल पर बढ़ाई एस्मा

देहरादून। उत्तराखंड सरकार ने परिवहन निगम में छह माह तक एस्मा बढ़ा दी है। बृहस्पतिवार को सचिव परिवहन अरविंद सिंह ह्यांकी ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया। परिवहन निगम में पहले से ही उत्तर प्रदेश अत्यावश्यक सेवाओं का अनुरक्षण अधिनियम 1966 (उत्तराखंड में यथाप्रवृत्त) (एस्मा) लागू हो। इसकी अवधि अब खत्म हो रही थी। लिहाजा, शासन ने एस्मा की अवधि आगामी छह माह के लिए बढ़ा दी है। सचिव परिवहन अरविंद सिंह ह्यांकी के मुताबिक, आगामी छह माह तक परिवहन निगम की सेवाओं को अत्यावश्यक सेवाएं मानते हुए यहां हड़ताल पर प्रतिबंध जारी रहेगा। गौरतलब है कि हाल ही में मोटर दुर्घटना संबंधी कानून के विरोध में दो दिन तक रोडवेज बसों का संचालन भी प्रभावित हुआ था।

## घर के बाहर से चोरों ने उड़ाई बाइक

काशीपुर(उद संवाददाता)। पुलिस की लाख कोशिशें के बावजूद यहां मोटरसाइकिल चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। इसी क्रम में घात लगाए अज्ञात चोरों ने बांसफोड़ान चौकी क्षेत्र से घर के बाहर खड़ी एक और मोटरसाइकिल पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ला कटरा मालियान मेन मार्केट निवासी संदीप अग्रवाल पुत्र श्याम मोहन अग्रवाल ने बताया कि बीते 27 दिसंबर को घर के बाहर खड़ी उसकी मोटरसाइकिल संख्या यूके 18 ई/4171 अज्ञात चोरों द्वारा उड़ा दी गई। पुलिस ने घटना के 10 दिन बाद मामले की प्राथमिक की दर्ज कर चोरों का पता लगाना शुरू कर दिया।

## टीएमयू की मेडिकल कॉलेज क्विज में एड्रेनालाइन अव्वल

मुरादाबाद(उद संवाददाता)। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के मेडिकल कॉलेज में भारतीय सोसाइटी ऑफ रैशनल फार्माकोथेरेप्यूटिक्स की गाइड लाइन पर न्यू लेक्चर थियेटर में हुई क्विज प्रतियोगिता में एमबीबीएस के सेकेंड ईयर की चार टीमों ने शिरकत की। एड्रेनालाइन टीम में शशांक चंडोला और रिया सिंह तो ब्रेडीकिनिन टीम में अभी वर्मा और भव्या रहीं। कैल्सीटोनिन टीम में सिद्धार्थ चौधरी और इशिता रही तो डोपामिन टीम में खुशी और करिश्मा रहे। इस प्रतियोगिता में एड्रेनालाइन टीम प्रथम रहीं। ब्रेडीकिनिन को दूसरा, जबकि टीम डोपामिन तीसरे स्थान पर रही। टीएमएमसी एंड आरसी के प्रिंसिपल डॉ. एनके सिंह, एडिशनल एमएस एंड हेड ऑफ मेडिसिन डॉ. वीके सिंह, फिजियोलॉजी के एचओडी डॉ. जयबल्लभ कुमार, ईएनटी के एचओडी डॉ. प्रोबल चटर्जी, चेस्ट एंड टीबी विभाग के एचओडी डॉ. मजहर मकसूद आदि ने संयुक्त रूप से पुरस्कार वितरित किए। अंत में डॉ. प्रीथपाल मटरेजा ने सभी प्रतिभागियों का आभार जताते हुए कहा, ऐसी प्रतियोगिताओं से मेडिकल के छात्र-छात्राओं के ज्ञान में इजाफा होता है। डॉ. मटरेजा बोले, तीर्थंकर महावीर मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर-टीएमएमसी एंड आरसी की ओर से ऐसी प्रतियोगिताएं हम समय-समय पर कराते रहते हैं। क्विज प्रतियोगिता में मुख्य तौर से कुछ तो बोलो, पहचान कौन, कर भला हो बुरा, क्या करें, क्या न करें और टोटल धमाल जैसे पांच राउंड्स हुए, जिसमें सभी पार्टिसिपेंट्स से प्रश्न पूछे गए। उल्लेखनीय है कि क्विज प्रतियोगिता के प्रारंभिक चरण में 50 एमसीक्यू प्रश्न हर छात्र को दिए गए। उच्चतम अंक पाने वाले 8 छात्रों का चयन किया गया, जिन्हें चार ग्रुप्स में बांट दिया गया। हर ग्रुप को सही उत्तर के लिए 15 अंक दिए, जबकि गलत उत्तर के लिए 10 अंक काट दिए गए। अंतिम दौर में एड्रेनालाइन और ब्रेडीकिनिन पहुंची। अंततः एड्रेनालाइन टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर लिया। क्विज प्रतियोगिता में डॉ. प्रीति सिंह, डॉ. पूजा अग्रवाल, डॉ. द्युति गुप्ता, डॉ. अमोल अग्रवाल, डॉ. यश गोयल, मिस शहनीला जफर के संग-संग एमबीबीएस सेकेंड ईयर के 157 छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



# प्रकाश पूरब पर रक्तदान व हेल्थ कैम्प आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री गुरू गोबिंद सिंह जी महाराज के प्रकाश पूरब पर आज गुरूद्वारा श्री गुरूसिंह सभा दशमेश नगर में रक्तदान एवं नि:शुल्क हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया। शहीद उधमसिंह चैरिटेबल ब्लड सेंटर द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में युवा संगत द्वारा विशेष उत्साह दिखाया गया। इस मौके पर दर्जनों युवा संगत रक्तदान किया। जिनमें अशोक कुमार, अमित राय, अरूण शर्मा, किशोरी लाल, इन्द्रदीप सिंह आदि शामिल




थे। कैम्प में टैक्नीशियन इसरार अहमद, दलजीत सिंह, जगजीत सिंह, तरूण, सोमपाल सिंह, बलविन्दर सिंह, तलविन्दर कौर, संगीतिका आदि ने सहयोग किया। वहीं मैट्रोसिटी हॉस्पीटल एण्ड रिसर्च सेंटर द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। जिसमें तमाम लोगों ने चिकित्सक से अपने स्वास्थ्य का परीक्षण करवाकर नि:शुल्क दवायें प्राप्त कीं। दस दौरान शिविर में शुगर, ब्लड प्रेशर, एसपी ओटू की भी जांच की गई।

# दवा कंपनी पर मारा छापा,उत्पादन पर लगी रोक

रूड़की। ड्रग विभाग और केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन की टीम ने एक दवा कंपनी पर छापा मारा। इस दौरान टीम को दवा निर्माण का काम टेक्नीशियन की जगह मजदूर करते मिले। इसके अलावा कंपनी में दवा बनाने और रखने वाले स्थान पर गंदगी मिलने समेत तमाम बड़ी खामियां मिलीं। इस पर टीम ने दवा उत्पादन पर रोक लगाते हुए लाइसेंस निरस्तीकरण की संस्तुति के लिए रिपोर्ट विभाग को भेजी है। दवा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए सरकार की ओर से ड्रग विभाग और केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन की टीम को संयुक्त रूप से दवा कंपनियों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही खामियां मिलने पर कार्रवाई का भी निर्देश मिला है। इसी क्रम में हरिद्वार ड्रग इंस्पेक्टर अनिता भारती के नेतृत्व में केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन की टीम ने बृहस्पतिवार को मखियाली पीरपुरा रोड, रुड़की बाईपास दिल्ली रोड, मंगलौर स्थित रिलीफ बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में छापा मारा। टीम ने लैब, कच्चा माल, पानी की



व्यवस्था, कर्मचारियों की वर्दी आदि की जांच की। जांच के दौरान टेक्नीशियन की जगह मजदूर दवा का निर्माण करते मिले। इसके अलावा कच्चा माल और जहां तैयार दवा रखी हुई थी, वहां पर गंदगी मिली। बिना वाटर प्यूरीफायर के सादे पानी से दवा तैयार होती मिली। साथ ही जो मजदूर दवा निर्माण में लगे थे उन्होंने नियमानुसार वर्दी नहीं पहनी थी। इसके अलावा टीम को तमाम बड़ी खामियां मिलीं। इस पर टीम ने तत्काल प्रभाव से दवा उत्पादन पर रोक लगाते हुए लाइसेंस सरेंडर कराया। साथ ही लाइसेंस निरस्तीकरण की संस्तुति के लिए रिपोर्ट विभाग को भेजी है। ड्रग इंस्पेक्टर अनिता भारती ने बताया कि दस्तावेजों की जांच की तो पता चला कि कंपनी में दवा बिहार सरकार के लिए तैयार की जाती हैं। इसके अलावा जन औषधि केंद्र पर भी यहीं से तैयार दवा भेजी जाती हैं। उन्होंने बताया कि सरकारी दवा बनाने में इतनी बड़ी खामियां मिलना एक बड़ी लापरवाही है।ड्रग इंस्पेक्टर अनिता भारती ने बताया कि दवा कंपनी का हर साल का टर्न ओवर 25 से 30 करोड़ रुपये है। कंपनी बिहार सरकार और जन औषधि केंद्र के लिए बड़ी मात्रा में दवा तैयार करती है। बताया जा रहा है कि रिलीफ बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में जांच और कार्रवाई के दौरान कंपनी मालिक और कर्मचारियों ने टीम के साथ अभद्रता कर दी। साथ ही टीम ने कंपनी मालिक को नोटिस दिया तो उसने लेने से इन्कार कर दिया। इस पर टीम लौट गई।

# प्रो. तिवारी को मिला विशेष सम्मान

नैनीताल (उद संवाददाता)।कुमाऊं यूनिवर्सिटी के प्रो ललित तिवारी फेलो ऑफ रॉयल सोसाइटी ऑफ बॉयलजी लंदन एफआरएसबी चुने गए। मार्क डाउन चीफ एक्जीक्यूटिव रॉयल सोसाइटी ऑफ बायोलॉजी लंदन ने इसका प्रमाण पत्र जारी किया। काउंसिल की बैठक 1 जनवरी 2024 में प्रो तिवारी फेलो निर्वाचित किए गए। लंदन इंग्लैंड की रॉयल सोसाइटी ऑफ बायोलॉजी जीव विज्ञान में



अग्रणी कार्य कर रहे लोगो को प्रोत्साहित करती है तथा सोसाइटी का उद्देश्य जीव विज्ञान को जीवन के विकास में बेहतर कार्य करना है जिससे शिक्षा ,पॉलिसी ,पब्लिक हित,में प्रोफेशनल को कार्य करने को प्रेरित करना तथा विज्ञान के विकास को गति देना शामिल है ।है ।विद्वान समाज एवम पेशेवर को जीव विज्ञान में अनुसंधान में बेहतरी संस्था का उद्देश्य है । आएफ आरएसबी फेलो चुने जाने से पहले प्रो ललित तिवारी फेलो ऑफ लिनियन सोसाइटी लंदन तथा फेलो ऑफ इंडियन बोटेनिकल सोसाइटी भी चुने जा चुके है ।प्रो ललित कुमाऊं विश्वविद्यालय में वनस्पति विज्ञान के प्राध्यापक है तथा उत्तराखंड रत्न सहित डाक्टर बीआर जैदी मेडल , एनएसएस हेतु दो बार गवर्नर , टीचर ऑफ द ईयर ,बेस्ट डायरेक्टर पुरस्कार ,डॉक्टर वाई पीएस पांगती पुरुस्कार प्राप्त कर चुके है ।कुमाऊं विश्वविद्यालय में निदेशक शोध एवम विकास , डिप्टी कंट्रोलर एग्जाम ,कोऑर्डिनेटर आईपीआर सेल , सहित ओएस डी , कार्यक्रम समन्वयक एनएसएस, सहित वर्तमान में निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय है । प्रो तिवारी उत्तराखंड संस्कृति पर भी कई मैगजीन स्पादित करचुके है तथा पौधारोपण एवम रक्तदान शिविर भी करा चुके है।

# एसपी को घूस देने के आरोपियों को कोर्ट ने सुनाई पांच-पांच साल की सजा

नैनीताल। वर्ष 2019 में बागेश्वर के तत्कालीन एसपी को 20 हजार रुपये की रिश्वत, डायरी और मिठाई का डब्बा देने वाले माइंस कारोबारी और उसके कानूनी सलाहकार को पांच-पांच साल की सजा सुनाई गई। विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम कोर्ट नीलम रात्रा ने दोनों दोषियों पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। लोक सेवा अभियोजक अधिवक्ता गिरिजा पांडे ने बताया कि नौ जनवरी 2019 को बागेश्वर थाने में कपकोट के रीमा स्थित खड़िया खनन की कटियार माइंस के प्रबंधक मध्य प्रदेश के कटनी जिला स्थित बरवाड़ा निवासी भगवान सिंह, कानूनी सलाहकार बागेश्वर निवासी इंद्र कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। मामला भ्रष्टाचार का था और दोनों पर तत्कालीन एसपी बागेश्वर लोकेश्वर सिंह को रिश्वत दिए जाने का आरोप था। उन्होंने यह रिश्वत ओवरलोड खड़िया ट्रकों को पुलिस चेकिंग में बिना रोके निकालने के लिए दी थी। भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई करते हुए तत्कालीन कोतवाल बागेश्वर तिलक राम वर्मा ने वादी बनकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पांच मार्च 2019 को मामले में पुलिस ने आरोप पत्र दाखिल किया। लोक सेवा अभियोजक अधिवक्ता गिरिजा पांडे ने मामले में आरोपियों के खिलाफ आठ गवाह पेश किए। नोटों की गड्डी और मिठाई का डिब्बा बतौर सबूत पेश किया। बृहस्पतिवार को विशेष न्यायाधीश नीलम रात्रा की कोर्ट ने सजा सुनाई।

# एसटीएच में पार्किंग ठेकेदार की दबंगई से लोग परेशान

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। डा. सुशीला तिवारी अस्पताल की पार्किंग के ठेकेदार की दबंगई दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। ठेकेदार के लोग आए दिन शराब पीकर तीमारदारों से न केवल मारपीट कर रहे हैं बल्कि अभद्रता भी की जा रही है। ठेकेदार की दबंगई को काबू में लाने के लिए अस्पताल प्रशासन भी कोई कदम नहीं उठा रहा है। बताया जा रहा है कि ठेकेदार के टेंडर की अवधि भी पूरी हो चुकी है लेकिन इसके बावजूद वह वहीं पर डटा हुआ है। सूत्रों की मानें तो पार्किंग के लिए नई निविदा भी निकाली गई थी लेकिन ठेकेदार ने दबंगई दिखाते हुए किसी और टेंडर नहीं डालने दिया। इधर गुरूवार रात को पार्किंग की सीसीटीवी फुटेज में ठेकदार के लोगों की दबंगई कैमरे में कैद हुई है। ठेकेदार के लोग यहां पर भिड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। बता दें कि ठेकेदार की दबंगई की शिकायतें लंबे समय से मिल रही हैं लेकिन अस्पताल प्रशासन ने इसके खिलाफ कोई कदम नहीं उठाया है जिस कारण से इसकी दबंगई दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। डा. सुशीला तिवारी अस्पताल में पार्किंग का ठेका तीन साल के लिए दिया जाता है। पार्किंग का ठेका 2019 में हुआ था और मौजूदा ठेकेदार का कार्यकाल 2022 में पूरा हो चुका है लेकिन ठेकेदार अब तक वहीं पर काबिज होकर तीमारदारों व अन्य लोगों के साथ दबंगई करने में लगा हुआ है। अस्पताल प्रशासन ने पिछले दिनों पार्किंग के लिए निविदा भी डाली थी लेकिन ठेकेदार की दबंगई की वजह से किसी ने भी निविदा नहीं डाली जिसके बाद अस्पताल प्रशासन ने निविदा को निरस्त कर दिया। निविदा निरस्त होने के बाद भी ठेकेदार अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है।

# अजय भट्ट ने केके दास की पत्नी के निधन पर शोक व्यक्त

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।केंद्रीय रक्षा व पर्यटन राज्यमंत्री व सांसद अजय भट्ट ने रुद्रपुर मे भाजपा के वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व मंडल अध्यक्ष व मंडी समिति रुद्रपुर के अध्यक्ष के.के. दास की पत्नी का आकस्मिक निधन होने पर उनके एलायंस स्थित आवास पर पहुंचकर शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उनके साथ काशीपुर के भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता वेद ठुकराल, सांसद प्रतिनिधि योगेश वर्मा, राजीव चौधरी, पार्षद बबलू सागर आदि लोग मौजूद रहे।

# हल्द्वानी से अयोध्या के लिए शुरू हुई बस सेवा, 745 रुपये किराया तय

नैनीताल। 22 जनवरी को अयोध्या में राम लला अपने नए मंदिर में विराजने जा रहे हैं। हल्द्वानी सहित कुमाऊं के हजारों लोग इस पल का गवाह बनने की तैयारी में जुटे हैं। इसके लिए अब उत्तराखंड परिवहन निगम ने भी तैयारियां शुरू कर दी हैं। काठगोदाम डिपो ने हल्द्वानी से अयोध्या तक सीधी बस सेवा शुरू कर दी है। हल्द्वानी से अभी तक सिर्फ लखनऊ के लिए ही बस सेवा संचालित थी। मगर 22 जनवरी को नए मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा होने से अयोध्या का महत्व कई गुना बढ़ गया है। हर कोई अयोध्या जाने की तैयारी कर रहा है। ऐसे में अब रोडवेज ने भी अपने कदम बढ़ा लिए हैं। काठगोदाम डिपो ने हल्द्वानी-अयोध्या बस सेवा को हरी झंडी दे दी है। बृहस्पतिवार रात से यह सेवा शुरू हो गई है। काठगोदाम डिपो के एआरएम आलोक बनवाल ने बताया कि यह बस पहले लखनऊ तक चलती थी। मगर यात्रियों की अयोध्या तक नई बस सेवा शुरू करने की मांग थी। इसे देखते हुए अयोध्या तक सीधी बस ले जाने का फैसला किया गया। बस रात 8.30 बजे हल्द्वानी से रवाना होगी और बरेली, लखनऊ, फैजाबाद होते हुए अयोध्या पहुंचेगी। अयोध्या से शाम 3:30 बजे हल्द्वानी के लिए रवाना होगी। 532 किलोमीटर की दूरी के लिए 745 रुपये किराया तय किया गया है।

## पेज एक का शेष...

**'टोटके के मायाजाल' से इस ....**पुलिस ने 26 ग्राम स्मैक के साथ चपटू नामक एक युवक को गिरफ्तार किया। वही, सहसपुर पुलिस ने 11 ग्राम स्मैक रखने के आरोप में अकलीम नाम के तस्कर को दबोचा तथा सहसपुर में ही हैप्पी नाम के युवक से 252 ग्राम चरस बरामद कर उसे गिरफ्तार किया। इसी प्रकार पटेलनगर पुलिस ने 120 पव्वे बरामद कर आबकारी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर खाता खोला ।उधर सेलाकुई पुलिस ने एक युवक के पास से 96 पव्वे तथा रायवाला पुलिस ने भी 65 पव्वे देसी शराब के पकड़े । ज्ञात हुआ है कि ऋषिकेश पुलिस ने भी 50 पव्वे बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया। मजे की बात तो यह है कि सहसपुर पुलिस ने सभावाला क्षेत्र में पांच लीटर कच्ची शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर तीसरा मुकदमा भी गुड वर्क में दर्ज किया। सो, 'उत्तरांचल दर्पण' के प्रबुद्ध पाठक इस बात का अंदाजा बखूबी लगा सकते हैं कि जब सूबे की राजधानी पुलिस अंधविश्वास में इस कदर जकड़ी हुई है, तो प्रदेश के अन्य पुलिस थानों का आलम क्या होगा?

**यूपी में कुख्यात गैंगस्टर..........**लाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अभियुक्त विनोद के ऊपर कुल 35 मुकदमें विभिन्न जनपदों के भिन्न-भिन्न थानों में दर्ज हैं, जिसमें हत्या व हत्या के प्रयास के कई मुकदमें भी शामिल हैं। प्रदेश के बड़े माफियाओं में विनोद उपाध्याय का नाम शामिल था। पुलिस अन्य विधिक कार्यवाही में जुटी है।

26 **लाख की चरस....**करीब 5 किलो 305 ग्राम अवैध चरस बरामद की। गिरफ्तार अभियुक्त पिछले कई सालों से उत्तराखंड में चरस की सप्लाई कर रहा था। उसने पूछताछ में बताया गया कि वह यह चरस पहाड़ों से अलग-अलग व्यक्तियों से खरीद कर लाल कुआं/ रुद्रपुर आदि मैदानी क्षेत्र में बेचने जा रहा था। आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में थाना बैजनाथ जनपद बागेश्वर में अभियोग पंजीकृत किया है। बरामद चरस की कीमत 26 लाख से अधिक आंकी गयी है। पकड़ने वाली टीम में एएनटीएफ कुमायूँ युनिट के निरीक्षक पावन स्वरूप, उपनिरीक्षक विपिन चंद्र जोशी, अतिरिक्त उपनिरीक्षक जगबीर शरण,मुख्य आरक्षी मनमोहन सिंह,मुख्य आरक्षी संजय कुमार,आरक्षी वीरेंद्र चौहान, मुख्य आरक्षी सुरेंद्र कंनवाल के अलावा थाना बैजनाथ पुलिस टीम के थानाध्यक्ष बैजनाथ कुंदन रौतेला,अपर पुलिस उप निरीक्षक चंद्र प्रकाश बबाड़ी ,आरक्षी नरेंद्र कुमार,आरक्षी राजेश भट्ट ,आरक्षी सुरेंद्र कुमार आदि शामिल थे।

**विकास भवन में धरने पर ...** सिंह, गुरदास कालड़ा, जनार्दन तिवारी, जगदीश जनेजा, बिट्टू शर्मा, मोनू निषाद, विकास मलिक, संजीव रस्तोगी, गौरव बेहड़ सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

**प्रतिबंधित मांस के साथ........**पर दबिश दी और वार्ड- 18 खेड़ा कालोनी निवासी नईम उर्फ गंठा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से सात किलो प्रतिबंधित गौमांस,तराजू,चापड़,छूरी भी बरामद की। पुलिस की सूचना पर पशु चिकित्सा अधिकारी हिमांशु पाठक भी मौके पर पहुंचे । उन्होंने जांच पड़ताल की। रंपुरा चौकी प्रभारी केसी आर्या ने बताया कि पकड़े गए आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही। इधर पुलिस की कार्रवाई से प्रतिबंधित गौमांस बेचने वालों में हड़कंप मच गया।

**गदरपुर में सवा दो किलो चरस.......**हुई । दूसरे व्यक्ति के बारे मे सख्ती से पूछताछ की गयी तो उसने उसका नाम मेहर सिह पुत्र गुरदीप सिह निवासी बाजेवाला थाना केलाखेड़ा बताया। पूछताछ में बताया कि वह लोग एक साथ पार्टनरशिप मे उक्त माल को खरीदते बेचते है । मामले में थाना पुलिस ने सर्म्बंधि त धाराओं में केस दर्ज किया है। फरार आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस टीम में क्षेत्राधिकारी भूपेन्द्र सिह भण्डारी , थानाध्यक्ष भुवन चन्द्र जोशी, उपनिरीक्षक भूपेन्द्र सिह रंसवाल , राकेश कठायत, कांस्टेबल इरशाद उल्ला, जीवन फुलेरा, बलवन्त सिंह आदि शामिल थे।

**'बोले सो निहाल सत श्री अकाल'.....** अकाल, वाहेगुरु जी का खालसा वाहेगुरु जी की फतेह के गगन भेदी जयकारों के साथ श्री गुरु गोविंद सिंह जी का विशाल एवं भव्य नगर बड़े गुरुद्वारे से निकला। नगर कीर्तन अपराह्न बाद डॉक्टर लाइन, पुरानी सब्जी मंडी से होता हुआ मेंन मार्केट से चलकर महाराणा प्रताप चौक से रामनगर रोड होते हुए स्टेडियम तिराहे से मानपुर रोड से होकर देर शाम वापस गंतव्य पर पहुंचकर कीर्तन शब्द अरदास व अटूट लंगर के साथ समाप्त हुआ। नगर कीर्तन के स्वागत के लिए मार्ग में दर्जनों स्थानों पर तोरण द्वार सजाए गए। विशाल नगर कीर्तन में शामिल श्रद्धालुओं की सेवा के लिए दर्जनों स्थानों पर लगे स्टालों के माध्यम से चाय पानी बिस्कुट मिष्ठान पकौड़ी कॉफी फल हलुआ तहरी आदि का लंगर बांटा गया। फूलों से सजी सवारी पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की पालकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। बैंड पार्टियां नगर कीर्तन की शोभा बढ़ा रही थी। वहीं दूसरी ओर स्कूल कॉलेज के हजारों छात्र- छात्राओं ने विभिन्न तरह के कर्तव्य दिखाकर प्रकाश उत्सव की शोभा बढ़ाई। नगर कीर्तन में दर्जनों कलात्मक झांकियां को भी शामिल किया गया था। यह नगर कीर्तन जिधर से होकर निकला गुरु ग्रंथ साहिब की पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं का तांता लग गया। नगर कीर्तन के दौरान गतका पार्टी की हैरत अंग्रेज कलाबाजी लोगों को अचरज में डाल रही थी। इस मौके पर बड़ी तादात में गणमान्य मौजूद रहे। शोभायात्रा में गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी के आगे पंच प्यारे चल रहे थे और इसके आगे सिख समुदाय से जुड़ी सैकड़ो महिलाएं तथा युवतियां पानी गिराकर झाड़ू लगाकर मार्ग की सफाई करते हुए चल रही थी। गुरु गोविंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की। उनके विचार आज भी प्रासंगिक है।

# पुलिस महकमे में हुए तबादले,देवेंद्र पींचा अल्मोड़ा के नए कप्तान बने

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड पुलिस महकमे में आखिरकार लंबे समय से प्रस्तावित तबादले हो गए है। सुखबीर सिंह नायक आईआरबी नैनीताल से पुलिस उपमहानिरीक्षक अधिसूचना बनाए गए हैं। अल्मोड़ा के कप्तान रहे रामचंद्र राजगुरु को आईआरबी प्रथम रामनगर लाया गया है। देवेंद्र पींचा अल्मोड़ा के नए कप्तान होंगे जबकि अजय गणपति कुमार पुलिस अधीक्षक रेलवे से चंपावत जिले के नए कप्तान बनाए गए हैं। कमलेश उपाध्याय जो कि एसपी देहात देहरादून के पद पर तैनात थी, अब वह देहरादून में ही पुलिस अधीक्षक अपराध एवं कानून व्यवस्था बनाई गई है। इनकी तैनाती पुलिस मुख्यालय पर होगी। राजधानी की एसपी सिटी रही सरिता डोबाल पुलिस अधीक्षक रेलवे हरिद्वार बनाई गई है। प्रमोद कुमार पुलिस अधीक्षक नगर देहरादून बनाए गए हैं। लोक जीत सिंह सीबीसीआईडी से पुलिस अधीक्षक ग्रामीण देहरादून के पद पर तैनाती पाने में सफल रहे। इसके अलावा पंकज गैरोला को एसपी क्राइम हरिद्वार की कमान मिली। वहीं मनोज ठाकुर एएसपी हरिद्वार के पद से खंड अधिकारी सीआईडी देहरादून के पद पर लाए गए है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# कर्मचारी के उत्पीड़न पर हाईकोर्ट ने रुद्रप्रयाग के जिला जज को किया निलंबित

नैनीताल। उत्तराखंड हाईकोर्ट ने रुद्रप्रयाग के जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनुज कुमार संगल को निलंबित कर दिया है। उन पर उत्तराखंड हाईकोर्ट का रजिस्ट्रार (विजिलेंस) रहते अपने अधीन कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का उत्पीड़न करने का आरोप है। आरोप है कि इस उत्पीड़न से त्रस्त होकर कर्मचारी ने जहर का सेवन कर लिया था। निलंबन की अवधि में वह जिला एवं सत्र न्यायालय चमोली में संबद्ध रहेंगे। हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के निर्देश पर रजिस्ट्रार जनरल आशीष नैथानी की ओर से निलंबन आदेश जारी हुआ है। आदेश में कहा गया है कि अनुज कुमार संगल के खिलाफ कुछ आरोपों पर अनुशासनात्मक जांच पर विचार किया जा रहा है। उनके खिलाफ उत्तराखंड सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियम 2003 के नियम 7 के तहत नियमित जांच शुरू की जाएगी इसलिए उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। अनुज संगल पर आरोप है कि रजिस्ट्रार (सतर्कता) के रूप में अपनी तैनाती के दौरान उन्होंने अपने आवास पर तैनात एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हरीश अधिकारी से गाली-गलौज कर और सेवा से हटाने की धमकी देकर प्रताड़ित किया। आरोप है कि कर्मचारी को नियमित रूप से डांट-फटकार कर सुबह आठ से रात 10 बजे तक और उससे भी अधिक समय तक ड्यूटी को लेकर परेशान किया है। कर्मचारी के कार्य समय और कार्य की प्रकृति के संबंध में अपने जवाब 18 नवंबर 2023 में गलत तथ्य बताकर अनुशासनात्मक प्राधिकारी को गुमराह करने का प्रयास किया गया है। शिकायतकर्ता के अर्जित अवकाश की मंजूरी की प्रक्रिया में देरी करके अपने अधिकार का दुरुपयोग किया है। परिणामस्वरूप उसका वेतन समय पर नहीं निकाला जा सका। इस प्रताड़ना के कारण उक्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने तीन जनवरी 2023 को उनके आवास के सामने जहर खाया था। किसी अधीनस्थ को परेशान करना और सेवा से हटाने की धमकी देना एक न्यायिक अधिकारी के लिए अमानवीय आचरण और अशोभनीय है और उत्तराखंड सरकारी सेवक आचरण नियमावली, 2002 के नियम-3(1) और 3(2) के कदाचार है। किसी कर्मचारी की छुट्टी स्वीकृत करने की प्रक्रिया में जानबूझ कर देरी करना, उसका वेतन रोकना और गलत व्यवहार करके अधीनस्थ को जहर खाने जैसा कदम उठाने के लिए मजबूर करना भी एक अमानवीय व्यवहार है। अनुचित प्रभाव का उपयोग करके चतुर्थ श्रेणी कर्मी द्वारा जहर खाने के पूरे मामले को मुख्य न्यायाधीश से छिपाने का प्रयास भी किया गया है।

# प्रकाशोत्सव पर हुआ गुरू की महिमा का गुणगान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। साहिब श्री गुरू गोबिन्द सिंघ जी महाराज का दो दिवसीय पावन प्रकाशोत्सव यहां गुरूद्वारा श्री गुरूसिंह सभा, दशमेश नगर आवास विकास में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस मौके पर प्रातः गुरूद्वारा में विशेष धार्मिक दीवान सजाया गया। जिसमें रागी जत्थों, गुरू की महिमा का गुणगान कर उपस्थित सैकड़ों संगत को निहाल किया जायेगा। इससे पूर्व आज प्रातः गुरूद्वारा में सजाये गये विशेष धार्मिक दीवान में भाई नवनीत सिंह, ज्ञानी सतवंत सिंह, प्रिंसीपल मनिन्दर पाल सिंह, भाई मलकीत सिंह व बीबीयां का डाढ़ी जत्था, भाई हरजिन्दर सिंह, भाई दरशन सिंह, भाई सोहन सिंह, सिंह लांबा, अवतार सिंह, हरबंस सिंह, शारदा सिंह, बलजिन्दर सिंह, गुरदीप सिंह, मंजीत सिंह, भजन सिंह, राजेन्द्र सिंह, सिमरप्रीत सिंह, इशनीत सिंह, गुरूचरण सिंह, राजेन्द्र सिंह, कुलजीत सिंह, जसपाल सिंह, हरभजन सिंह, जसप्रीत सिंह, दिलबाग सिंह, राजन सिंह, प्रीतम सिंह, रणजीत सिंह, अमरजीत



कविशरों तथा कथा वाचकों द्वारा गुरू की महिमा का गुणगान कर उपस्थित सैकड़ों संगत को निहाल किया गया। गत रात्रि भी गुरूद्वारा में धार्मिक दीवान सजाया गया थां आज सायंकाल भी 6 बजे से 11 बजे तक गुरूद्वारा में विशेष धार्मिक दीवान सजाया जायेगा जिसमें रागी जत्थों, कविशरों तथा कथावाचकों द्वारा भाई जोरावर सिंह, भाई रेशम सिंह, भाई हरविन्दर सिंह तथा भाई मंगल सिंह द्वारा गुरू की महिमा का बखान किया गया। गुरूद्वारा में आई संगत को चाय प्रसाद के साथ ही अटूट लंगर भी वितरित किया गया। इस मौके पर भूपेन्द्र सिंह लांबा, दर्शन सिंह, चन्नन सिंह, सोमपाल सिंह, बलविन्दर सिंह, लवली लांबा, हरप्रीत सिंह, रनवीर सिंह, तरण सिंह, गुरूविन्दर सिंह, रौनक सिंह, कुलदीप कौर, गगनदीप कौर, हरसिमरन कौर, हरप्रीत कौर, हरबंस कौर, जसप्रीत कौर, अजीत कौर, पूनम कौर, जसनीत कौर, दमनदीप कौर, सुरेन्द्र पाल कौर, अमनदीप कौर, राजेन्द्र कौर व रमणीत कौर सहित भारी संख्या में संगत मौजूद थी।

# मारपीट व धमकी में दंपत्ति समेत सात नामजद

काशीपुर(उद संवाददाता)। गाली गलौज मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने तहरीर के आधार पर कुल सात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। पहली घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर काशीपुर निवासी मयंक अग्रवाल पुत्र कृष्ण कुमार अग्रवाल ने बताया कि जमीन के एक खरीद फरोख्त के मामले में उसके द्वारा काशीपुर निवासी प्रीतम सिंह गुरुकरन सिंह व हरदीप सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया था। इसी मामले में उपरोक्त तीनों बिचौलिए के माध्यम से समझौते का दबाव बना रहे थे। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि बीते 3 जनवरी को जब वह केलामोड़ के समीप स्थित अपनी जमीन देखने के लिए गया था इसी दौरान उपरोक्त तीनों वहां आ धमके और समझौते का विरोध करने पर गाली गलौज करते हुए मारपीट की। भुक्तभोगी ने पुलिस को बताया कि उपरोक्त तीनों से उसे जान का खतरा है। इसी तरह मारपीट के एक अन्य मामले में कचनाल गोसाईं थाना आईटीआई निवासी संदीप कुमार पुत्र अशोक कुमार का आरोप है कि बीते 14 दिसंबर को रतन रोड स्थित एसआरएस मॉल के भीतर काशीपुर निवासी दीक्षित बस सर्विस के मालिक वरुण दिक्षित अंकुर शर्मा वरुण दिक्षित की पत्नी एवं वरुण दीक्षित के पुत्र ने आपस में एक राय होकर उसके साथ मारपीट करते हुए कानूनी कार्यवाही करने के एवज में जान से मारने की धमकी दे डाली। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि 14 दिसंबर की शाम लगभग 6:00 बजे वह एसआरएस मॉल में खरीदारी करने गया था। बिल में गड़बड़ी होने पर जब वह काउंटर में शिकायत करने पहुंचा तो लाइन में लगे दीक्षित बस सर्विस के मालिक वरुण दिक्षित उसकी पत्नी उसके पुत्र तथा एक अन्य ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की तथा मुंह खोलने के एवज में जान से मारने की धमकी दे डाली।

# बाइक सवार उच्चकों का पीछा कर रहा युवक घायल

बाजपुर (उद संवाददाता)। मोबाइल छीनकर भागे बाइक सवार उचक्कों का पीछा कर रहा एक युवक घोड़ातांगे की चपेट में आ गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। ग्राम रेंहटा निवासी आदेश (21) पुत्र महिपाल गुरूवार अपरान्ह करीब तीन बजे घर से बाजपुर आ रहा था। उसके मोबाइल की घंटी बजने लगी तो वह रामराज रोड पर ग्राम केशोवाला के नजदीक एक मैरिज पैलेस के सामने बाइक सड़क किनारे खड़ी कर मोबाइल पर बात करने लगा। पीछे से पहुंचे बाइक पर सवार दो युवक ने झपट्टा मारकर आदेश का मोबाइल छीन लिया और जब तक वह कुछ समझ पता आरोपित तेज रफ्तार से बाइक दौड़ाकर दूर निकल गए। आदेश भी अपने फोन के लिए बाइक से आरोपित का पीछा करने लगा। ग्राम एनएनटोपा में पेट्रोल पंत के पास युवक सामने से आ रहे घोडातांगे की चपेट में आ गया। वह बाइक समेत दूर जा गिरा। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। घटना की सूचना स्वजन को दे दी गई है।

# योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाए कार्यकर्ता: प्रताप

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी जिला नैनीताल की जिला पदाधिकारी के बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट जी ने तथा संचालन जिला महामंत्री रंजन बर्गली व जिला महामंत्री नवीन भट्ट ने संयुक्त रूप से किया। जिला अध्यक्ष प्रताप



बिष्ट ने कहा के जिले में बहुत प्रभावशाली योजनाएं आयी है जिसे हमें जन जन तक पहुंचाना है। जिसे हमने जनता के पटल पर रखना है और प्रत्येक बूथ तक योजनाओं का लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, विकसित भारत संकल्प यात्रा, गांव चलो अभियान, दीवार लेखन कार्यक्रम, युवा मोर्चा के कार्यक्रम में तिरंगा यात्रा, नव मतदाता सम्मेलन, प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन, एससी एसटी ओबीसी वर्ग सम्मेलन, जन प्रतिनिधि सम्मेलन, बूथ सम्मेलन, महिला मोर्चा सम्मेलन, लखपति दीदी, बूथ टोली सम्मेलन, भूतपूर्व सैनिक व वरिष्ठ लोगों की सूची तैयार करना खिलाड़ियों की सूची आदि, धर्म गुरूओ की सूची, आदि योजनाएं में हमें और हमारे जिले के प्रत्येक पदाधिकारियों को इन समझ कर बैठकों के माध्यम से जनता तक लाभ पहुंचाना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपाध्यक्ष रमेश सुयाल, प्रतिभा जोशी, मंत्री नितिन राणा, विनीत अग्रवाल, बहादुर नदगली, योगेश रजवार, कमल पाण्डे, मीडिया प्रभारी भुवन भट्ट, विनोद मेहरा, सोसल मीडिया संजय पाण्डे, आदि लोग मौजूद रहे।

# घर घर अक्षत वितरण कार्यक्रम जारी

किच्छा(उद संवाददाता)। श्री राम प्राण प्रतिष्ठित अक्षत वितरण कार्यक्रम नगर में पांचवें दिन भी जारी रहा। अक्षत वितरण कार्यक्रम के नगर संयोजक सचिन चावला एवं वरिष्ठ भाजपा नेता धर्मराज जायसवाल के नेतृत्व में नगर के वार्ड नंबर 9 में राम भक्तों ने घरों में प्राण प्रतिष्ठित अक्षतों का वितरण किया गया। यहां पर तमाम राम भक्त महिलाएं और पुरुषों ने बढ़ चढ़कर अक्षत वितरण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। आगामी 22 जनवरी को होने वाले अयोध्या में श्री राम प्राण प्रतिष्ठित कार्यक्रम के मध्य नजर नगर में राम भक्तों में खासा उत्साह बना हुआ है तथा प्रत्येक वार्ड में अक्षत वितरण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। वार्ड नंबर 9 में अक्षत वितरण कार्यक्रम के संबंध में वरिष्ठ भाजपा नेता धर्मराज जायसवाल ने कहा कि आगामी 22 जनवरी के अयोध्या में आयुक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता तन मन धन से जुड़े हुए हैं तथा हैं। इन्हीं अक्षतों को प्रसाद रूप में ग्रहण करने का भी प्रावधान किया गया है। इस अवसर पर मुख्य रूप से रमेश मजूमदार



घर-घर जाकर 22 तारीख के कार्यक्रम में घर में रहकर पूजा पाठ करते हुए अक्षत टिक करने का आह्वान कर रहे ,दिनेश दुबे, आरती दुबे, ज्योति जडिया, मधु गुप्ता, जसमीरी देवी ,अंजनी, सोनी, कल्पना विश्वास, सहित दर्दनाक उपस्थित थे।

# सचिवालय में नौ जनवरी से अनशन करेंगे बाबा अविनाशी

टनकपुर (उद संवाददाता)।चंपावत जिले के बाराकोट ब्लॉक के ढटी गांव निवासी लक्ष्मण नाथ उर्फ बाबा अविनाशी ने ढटी गांव में विभिन्न सरकारी योजनाओं में हुए भ्रष्टाचार की जांच न होने पर 9 जनवरी से देहरादून सचिवालय में आमरण अनशन करने तथा मांग पूरी न होने पर आत्मदाह की चेतावनी देते हुए डीएम चंपावत को ज्ञापन दिया है। एक सप्ताह के भीतर मुख्यमंत्री उत्तराखंड से



इस मामले में मुलाकात करवाने की मांग की है। लक्ष्मण नाथ उर्फ बाबा अविनाशी ने कहा 7 जनवरी तक अगर उनकी मांगे नहीं मानी गई तो वह 9 जनवरी से देहरादून सचिवालय में आमरण अनशन शुरू कर देंगे। उसके बावजूद मांगे नहीं मानी गई तो वह आत्मघाती कदम उठाने के लिए मजबूर होंगे जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी। बाबा अविनाशी ने कहा सरकारी योजनाओं में हुए भ्रष्टाचार की जांच की मांग को लेकर उनके द्वारा सभी सरकारी विभागों के दफ्तरों के कई चक्कर लगाए गए लेकिन मामले में कोई जांच नहीं करी गई जिससे आहत होकर अब वह इस कदम को उठाने जा रहे हैं और जब तक मामले में जांच नहीं होगी वह अनशन से नहीं उठेंगे चाहे उनकी जान ही क्यों ना चली जाए साथ ही उन्होंने ढटी गांव की ग्राम प्रधान के अधिकार वापस दिलाने की भी मांग की है। बाबा अविनाशी ने कहा सचिवालय में अनशन के लिए वह पहले ही डीएम देहरादून को सूचना दे चुके हैं 7 जनवरी को वे लोहाघाट से देहरादून के लिए प्रस्थान करेंगे।

# लोहाघाट डिपो कार्यालय में चालकों से लिया जा रहा है क्लर्क का काम

लोहाघाट (उद संवाददाता)। उत्तराखंड परिवहन निगम के लोहाघाट डिपो में आजकल चालक वाहन चलाना छोड़ क्लर्क का काम कर रहे हैं लोहाघाट डिपो के वर्कशॉप व कार्यालय में कलर्क न होने से निगम प्रबंधन के द्वारा चालकों से जबरन कलर्क का काम लिया जा रहा है जिस कारण कार्य में काफी गलतियां होने से कई दिक्कतों का सामना चालक व परी चालकों को करना पड़ रहा है रोडवेज एम्पलाइज यूनियन अध्यक्ष जगदीश जोशी ने कहा निगम प्रबंधन द्वारा डीपो को कलर्क तो नहीं दिए जा रहे हैं उल्टा चालकों से कलर्क की ड्यूटी करवाई जा



रही है जबकि डिपो में चालकों की काफी कमी है। इसके अलावा चालकों को कलर्क के कार्य का ज्ञान न होने के कारण उनके द्वारा कार्य में काफी गलतियां करी जा रही हैं जिनका खामियाजा अन्य चालक व परिचालकों को भुगतना पड़ रहा है वही अध्यक्ष जगदीश जोशी व चालकों ने निगम प्रबंधन से लोहाघाट डिपो में कलर्क की तैनाती कर चालकों को उनके मूल ड्यूटी में भेजने की मांग करी है।

# प्रशासन ने सागौन के पेड़ों के गिल्टों को किया सीज

खटीमा। एक स्टील फैक्ट्री परिसर में सागौन के पेड़ों को बगैर अनुमति काटने का मामला प्रकाश में आया है। प्रशासन ने गिल्टों को सीज कर दिया है। यहां 30 पेड़ों को काटने की अनुमति लेकर 80 काटे गए थे। इसकी जांच रिपोर्ट एसडीएम को सौंप दी गई है। हल्दी स्थित जेएम स्टील परिसर में बृहस्पतिवार को प्रशासन को बगैर अनुमति के सागौन के पेड़ काटने की सूचना मिली। तहसीलदार हिमांशु जोशी ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर मुआयना किया। फैक्ट्री परिसर में सागौन के 80



पेड़ों के काटे जाने का पता चला। फैक्ट्री परिसर में सागौन के 419 गिल्टे मिले। तहसीलदार ने बताया कि फैक्ट्री परिसर में सागौन के 80 पेड़ों को काटा गया था। जांच में पता चला कि इनमें करीब 50 पेड़ों को वन विभाग की अनुमति के बगैर काटा गया था। 30 पेड़ों को काटने को अनुमति लेकर 80 पेड़ काट दिएगए। गिल्टों को सीज कर दिया गया है जिन्हें बाद में नीलाम किया जाएगा। तहसीलदार ने बताया कि जांच रिपोर्ट एसडीएम को सौंप दी गई है। एसडीएम के निर्देश के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।